


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल





वर्ष 03 : अंक : 341 | ग्वालियर ,शुक्रवार 22 जनवरी 2021 | pushpanjalitoday@gmail.com | मूल्य : 01, रुपए, पृष्ठ 8


## न्यूज ट्रैक

### राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर बोला हमला कहा- हमारे देश में अवैध निर्माण...

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर मोदी सरकार पर हमला बोला है. उन्होंने भारत चीन की सीमा पर अरुणाचल प्रदेश के एक द्वीप को लेकर मोदी सरकार को घेरने की कोशिश की है. राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार को घेरते हुए लिखा है, कट्टुपल्ली बैरियर द्वीप पर पोर्ट पर निर्माण कार्य अवैध है लेकिन मोदी सरकार इसका निर्माण सुनिश्चित कर रही है. मोदी सरकार का हमारे देश को उनके धनी पूंजीवादी मित्रों को सौंपना जारी है. आपको बता दें कि भारत के चीन के साथ पूर्वी लद्दाख में चल रहे सीमा विवाद के बीच अरुणाचल प्रदेश में एक नया विवाद खड़ा होता हुआ दिखाई दे रहा है. सेटेलाइट से जारी तस्वीरों में देखा जा सकता है कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश में एक नया गांव बसाया है, जहां लगभग 100 घर बने हुए दिखाई दे रहे हैं. आपको बता दें कि पिछले साल 1 नवंबर, 2020 को ली गई इन तस्वीरों को लेकर जब कई एक्सपर्ट्स से बात की गई तो उन्होंने भी इस बात की पुष्टि की थी कि ये निर्माण कार्य भारत की सीमारेखा के भीतर हो रहे हैं.

### पीएम मोदी भी लगवाएंगे कोरोना वैक्सीन साथ में सभी सीएम का टीकाकरण

**नई दिल्ली।** दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान के दूसरे चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को भी कोरोना वैक्सीन दी जाएगी. इसी चरण से 50 से अधिक वय के लोगों को टीकाकरण का लक्ष्य है. फिलहाल पहले चरण के टीकाकरण में स्वास्थ्यकर्मियों समेत फ्रंट लाइन वर्कर्स को ही वैक्सीन दी जा रही है. इनकी संख्या लगभग 3 करोड़ के आसपास है. इनके टीकाकरण के खर्च की जिम्मेदारी केंद्र सरकार उठा रही है.

**दूसरे चरण में राजनेताओं समेत 50 के वय के नेता-** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वैक्सीन कार्यक्रम के दूसरे चरण में राजनेताओं को वैक्सीन दी जा सकती है. इस दौरान उन सांसद, विधायकों को वैक्सीन दी जा सकती है, जो ज्यादा उम्र के हैं और बीमारियों से जूझ रहे हैं. खास बात है कि देश में कई बड़े नेताओं की उम्र 80 साल से अधिक है, जिन्हें वैक्सीन के मामले में तरजीह मिल सकती है. ऐसे नेताओं में दो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और एचडी देवगौड़ा भी शामिल हैं. गौरतलब है कि सरकार ने पहले ही साफ कर दिया था कि वैक्सीन प्रोग्राम अलग-अलग चरणों में पूरा किया जाएगा.

**अप्रैल में शुरू होगा टीकाकरण का दूसरा चरण-** अनुमान है कि इस ड्राइव का दूसरा चरण अप्रैल से शुरू हो सकता है. जिसमें देश के 50 साल से ज्यादा उम्र वाले मंत्रियों और जनप्रतिनिधियों को वैक्सीन दी जाएगी. इस चरण में प्रधानमंत्री और कई मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे. आंकड़ों से पता चलता है कि लोकसभा में तीन सौ से ज्यादा और राज्यसभा में तकरीबन तकरीबन 200 सांसद 50 की उम्र पार कर चुके हैं.

### भारतीय मूल के विनय रेड्डी ने लिखा राष्ट्रपति जो बाइडेन का पहला भाषण अमेरिका में मिला अहम पद

**नई दिल्ली।** डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडेन ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ ली. विश्व के सबसे ताकतवर देश अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने एक्शन में भी आ गए हैं. बाइडेन ने पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के फैसलों को बदलने के आदेश जारी कर दिए हैं.

### ट्रैक्टर रैली पर पुलिस संग नहीं बनी बात

# अब किसान संगठनों की बैठक पर निगाहें

**नई दिल्ली।** कृषि कानून के मसले पर किसानों का आंदोलन जारी है. अब हर किसी की निगाहें 26 जनवरी पर है, जिस दिन किसानों ट्रैक्टर रैली निकालने की बात कही है. इसी मसले पर गुरुवार को दिल्ली पुलिस और किसानों की बैठक हुई. हालांकि, ये बैठक बेनतीजा रही है. ऐसे में अब सिंघु बॉर्डर पर किसान संगठनों की बैठक पर हर किसी की नजरें हैं.

**पुलिस और किसानों के बीच बैठक खत्म-** गणतंत्र दिवस की ट्रैक्टर रैली को लेकर चल रही दिल्ली पुलिस और किसानों के बीच की बैठक खत्म हो गई है. किसानों का कहना है कि पुलिस ने उन्हें दिल्ली में घुसने से इनकार किया है, जबकि किसान दिल्ली में रैली निकालना चाहते हैं. पुलिस की ओर से केएमपी एक्सप्रेस वे पर छोटी रैली निकालने का ऑप्शन दिया गया, जिसे किसानों ने ठुकरा दिया. किसान नेताओं का कहना है कि वो अंतिम निर्णय किसान संगठनों की बैठक में ही लेंगे. हजारों ट्रैक्टर अलग-अलग इलाकों से दिल्ली के लिए कूच कर चुके हैं.

**पुलिस और किसानों की बैठक जारी-** गणतंत्र दिवस पर ट्रैक्टर रैली निकालने को लेकर किसान नेताओं और दिल्ली पुलिस के बीच बैठक शुरू हो गई है. पिछली दो बैठकों में कोई रास्ता नहीं निकल पाया था, ऐसे में अब उम्मीद है कि कोई हल निकलेगा. सरकार के प्रस्ताव को लेकर योगेंद्र यादव की ओर से कहा गया है कि आज सभी संगठन साथ में बैठकर चर्चा करेंगे, जिसके बाद ही कोई फैसला होगा.



वहीं ट्रैक्टर रैली को लेकर योगेंद्र यादव का कहना है कि हरियाणा, दिल्ली और यूपी पुलिस से किसानों की बैठक हो रही है, हमें उम्मीद है कि गणतंत्र दिवस की रैली बिल्कुल होगी. सुप्रीम कोर्ट द्वारा बनाई गई कमेटी की बैठक भी दिल्ली में आज हो रही है. इसी बैठक के बाद कमेटी की ओर से किसान संगठनों से चर्चा की जाएगी. हालांकि, किसान नेताओं ने कहा है कि वो सुप्रीम कोर्ट द्वारा गठित कमेटी के सामने पेश नहीं होंगे.

### सरकार के प्रस्ताव पर होगी चर्चा

केंद्र सरकार के साथ बीते दिन हुई बैठक के बाद आज किसान नेताओं की बैठक होनी है. जिसके बाद शाम पांच बजे किसान नेता प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे. सिंघु बॉर्डर पर दोपहर 12 बजे के करीब किसान नेताओं की बैठक होनी है. सरकार ने बीते दिन कृषि कानूनों को एक साल तक टालने का प्रस्ताव रखा है, जिसके बाद कोई अहम निर्णय निकल सकता है.

### यूपी सरकार का अहम फैसला

उत्तर प्रदेश सरकार इस बार गणतंत्र दिवस पर किसानों से जुड़ी झांकी निकालेगी. यूपी में गणतंत्र दिवस परेड के दौरान कृषि विभाग के कामों को दर्शाया जाएगा.

## कोविशिल्ड बना रही सीरम इंस्टीट्यूट के नए प्लांट में लगी आग

> पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के टर्मिनल 1 गेट में आग लग गई है. आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है. फिलहाल, मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई है और आग बुझाने का काम जारी है.

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के टर्मिनल 1 गेट में आग लग गई है. आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चल पाया है. फिलहाल, मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंच गई है और आग बुझाने का काम जारी है. बता दें कि सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ही कोरोना वैक्सीन कोविशिल्ड बना रही है, जिसकी आपूर्ति भारत समेत कई देशों में की जा रही है. बताया जा रहा है कि मौके पर दमकल की 7 से 8 गाड़ियां मौजूद है और आग बुझाने की कोशिश की जा रही है. अभी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है. आग लगने की वजह और टर्मिनल में कितने लोग फंसे हैं, इसकी भी जानकारी सामने नहीं आई है. दूर से ही प्लांट के ऊपर धुएं का काला गुबार दिखाई दे रहा है. पांच मंजिला इस प्लांट में कोविशिल्ड का प्रोडक्शन कुछ दिन में शुरू होने वाला है.



बता दें कि कोरोना वैक्सीन कोविशिल्ड का प्रोडक्शन सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के नए प्लांट से करीब एक से दो किलोमीटर दूरी पर स्थित पुराने प्लांट से किया जा रहा है. इस प्लांट का निर्माण 1996 में किया गया था. यही पर कोविशिल्ड वैक्सीन का प्रोडक्शन हो रहा है. कोविशिल्ड का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन करने की तैयारी नए प्लांट से थी, जिसका कुछ हिस्सा फिलहाल आग की चपेट में है. बताया जा रहा है कि पुणे के मंजरी में स्थित सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया के नए प्लांट में आग लगी है. 300 करोड़ की लागत से बने इस प्लांट में कोरोना वैक्सीन कोविशिल्ड का बड़े पैमाने पर प्रोडक्शन करने की योजना है. पिछले साल ही केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्षवर्धन ने इस प्लांट का उद्घाटन किया था, लेकिन अभी इस प्लांट में वैक्सीन का उत्पादन नहीं शुरू हो पाया है.

### सत्ता में आते ही बाइडेन ने भारत के लिए किया बड़ा फैसला, 5 लाख को देंगे नागरिकता

**वाशिंगटन।** अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बुधवार को अमेरिका की सत?ता संभाल ली है. सत्ता संभालते ही वो तगड़े ऐक्शन मोड में आ गए हैं. बाइडेन ने कुर्सी संभालते ही एक के बाद करके तेजी से फैसले लिए हैं. उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर करके अपने उनके कई फैसलों को पलट दिया है. इसी बीच बाइडेन ने भारत वासियों के लिए एक बहुत ही बड़ा फैसला लिया है. बाइडेन ने अमेरिका के प्रवासियों को राहत देने वाले एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किया है.

### पाकिस्तान पर मोदी सरकार की दूसरी सर्जिकल स्ट्राइक, चिनाब पनबिजली प्रोजेक्ट मंजूर



**नई दिल्ली।** केंद्र की मोदी सरकार ने पाकिस्तान के विरोध को दरकिनार करते हुए जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में चिनाब नदी पर स्थित 850 मेगावाट की रतले पनबिजली परियोजना के लिए 5281.94 करोड़ रुपये के निवेश के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी. पाकिस्तान भारत की इस परियोजना का विरोध करता आ रहा है. तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने 25 जून 2013 को इस परियोजना की आधारशिला रखी थी. हालांकि, पाकिस्तान सरकार ने बांध के निर्माण पर आपत्ति जताते हुए दावा किया था कि यह सिंधु जल संधि के अनुरूप नहीं है. पाकिस्तान ने इस परियोजना का विरोध करने के लिए विश्व बैंक से भी संपर्क किया. हालांकि पाक के विरोध के बावजूद भारत ने आखिरकार इस परियोजना को मंजूरी दी.

**पाकिस्तान के विरोध के बावजूद विश्व बैंक ने दे दी मंजूरी-** गौरतलब है कि अगस्त 2017 में विश्व बैंक ने भारत को बांध बनाने की अनुमति दी और अगले वर्ष यानी 2018 में राज्य सरकार ने निर्माण शुरू करने के प्रस्ताव के साथ केंद्र से संपर्क किया. यह निवेश राष्ट्रीय जल विद्युत निगम और जम्मू-कश्मीर राज्य विद्युत विकास निगम लिमिटेड की क्रमशः 51 फीसदी और 49 फीसदी हिस्सेदारी वाली एक नई संयुक्त उद्यम कंपनी (जेवीसी) द्वारा किया जाएगा. जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की इस परियोजना संबंधी इस प्रस्ताव को स्वीकृति दी.

### तेजस्वी यादव बोले-

## कृषि कानून के खिलाफ एक मुट्ठी मिट्टी लेकर संकल्प लेंगे लोग

**नई दिल्ली।** राजद नेता तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि इस कानून के खिलाफ सभी लोग एक मुट्ठी मिट्टी उठाकर संकल्प लेंगे. बिहार के किसान त्राहीमाम कर रहे हैं. ये सरकार शिक्षक अभ्यर्थियों पर लाठी बरसा रहे हैं. इस सरकार का मन इतना बढ़ा हुआ है कि हमलोग के आवाज़ को भी दबाने का प्रयास कर रहे हैं. बिहार में समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं. ये सरकार अपने स्वार्थ की पूर्ति कर रही है. ये सत्ता के लोभी लोग हैं. उन्होंने आगे कहा कि हमलोग भले ही जबरदस्ती हराए गए हों, लेकिन हमारा जो चुनाव के वक़्त संकल्प था वो रहेगा, मुद्दा बेरोजगारी का रहेगा. बिहार के मुख्यमंत्री थके हुए हैं, इनसे बिहार नहीं चल रहा है.



तेजस्वी ने कहा कि कल मैंने जिलाधिकारी से बात की. आपलोगों ने रवैया देखा. आमलोगों से इनका क्या व्यवहार है. नीतीश कुमार के अधिकारियों को देख लीजिए. इनके अधिकारियों का मन बढ़ा हुआ है. जब हमने बताया तब उनका बर्ताव बदला. आरजेडी नेता ने आगे कहा कि मेरे आवास के सामने आज क्या हुआ. इतने साल से हम रह रहे हैं, मुख्यमंत्री को क्या खतरा हुआ. मेरे विधायक आ रहे हैं.

### कांग्रेस अध्यक्ष हो सकते हैं अशोक गहलोत

# विकल्प की तलाश में आलाकमान

> इस क्रम में लेटर बम फूटने के बाद से कई मीटिंग हुई, लेकिन कांग्रेस पार्टी अब तक स्थायी अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है. यहां तक कि पार्टी अध्यक्ष के लिए राहुल...राहुल... नारों के बीच उन्हें मनाने की तमाम कोशिशें भी बेकार जा चुकी हैं. ऐसे में यह खबर कांग्रेस की राजनीति की दशा-दिशा दोनों बदलने वाली हो सकती है.

**नई दिल्ली।** देश में लोकतंत्र पर सवाल खड़ा करने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की नानुकुर ने पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र को बंधक बना रखा है. 2019 में लोकसभा चुनाव में करारी शिकस्त के बाद राहुल गांधी के इस्तीफा से ही कांग्रेस में अध्यक्ष पद खाली चल रहा है. फिलवक्त सोनिया गांधी ही पार्टी की अंतरिम अध्यक्ष हैं. इस क्रम में लेटर बम फूटने के बाद से कई मीटिंग हुई, लेकिन कांग्रेस पार्टी अब तक स्थायी अध्यक्ष का चुनाव नहीं कर सकी है. यहां तक कि पार्टी अध्यक्ष के लिए राहुल...राहुल... नारों के बीच उन्हें मनाने की तमाम कोशिशें भी बेकार जा चुकी हैं. ऐसे में यह खबर कांग्रेस की राजनीति की दशा-दिशा दोनों बदलने वाली हो सकती है. ऐसी चर्चा है कि राजस्थान के मुख्यमंत्री और सोनिया गांधी के करीबी कांग्रेस नेता अशोक गहलोत को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देने पर विचार किया जा रहा है. गांधी परिवार से नजदीकी ने बनाया बेहतर **विकल्प-** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कांग्रेस पार्टी का एक खेमा अशोक गहलोत को राजस्थान से दिल्ली बुलाकर अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी देने को बेहतर विकल्प मान रहा है. पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का कहना है कि इस वक्त पार्टी को स्थायी अध्यक्ष की सख्त जरूरत है. ऐसे में या तो सोनिया गांधी को ही स्थायी अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालनी होगी या फिर किसी वरिष्ठ नेता को विकल्प के तौर पर तैयार करना होगा. वैसे भी अशोक गहलोत की गांधी परिवार से नजदीकी जगजाहिर है. उन्हें सोनिया गांधी का करीबी और विश्वसनीय माना जाता है. यह बात तब भी साबित हुई थी जब राजस्थान में चुनाव जीतने के बाद कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री के तौर पर राहुल गांधी ने सचिन पायलट की जगह अशोक गहलोत को तरजीह दी थी.



### गांधी परिवार के बचाव में सबसे आगे

बताया जा रहा है कि पिछले साल भी अशोक गहलोत को पार्टी अध्यक्ष पद प्रस्ताव दिया गया था, लेकिन कुछ वजहों से वह राजस्थान के सीएम का पद छोड़ने को तैयार नहीं हुए. अभी भी यही माना जा रहा है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद संभालने को लेकर यह फैसला गहलोत ही लेंगे कि वह दिल्ली आना चाहते हैं या नहीं. फिलहाल तो अशोक गहलोत अपनी मंत्रिमंडल के विस्तार में लगे हुए हैं. गौरतलब है कि बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद भी कांग्रेस पार्टी के अंदर की कलह खुलकर सामने आई थी. वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी नेतृत्व पर ही सवाल उठा दिए थे. वहीं, पी. चिदंबरम के बेटे कार्ति चिदंबरम ने भी हार पर चिंतन की बात कही थी. तब इसके जवाब में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ही सिब्बल को नसीहत दी थी. अशोक गहलोत ने कहा था कि पार्टी के आंतरिक मसलों की सार्वजनिक रूप से चर्चा न करें, नेतृत्व में विश्वास रखें. ऐसे में पार्टी नेतृत्व पर अशोक गहलोत का गहरा विश्वास अध्यक्ष पद पर उनकी ताजपोशी करा सकता है.





ग्वालियर से प्रकाशित
दैनिक पुष्पांजली टुडे
राष्ट्रीय मासिक पत्रिका, ऑनलाइन न्यूज चैनल, पोर्टल, एंड्रॉयड ऐप
को
सम्पूर्ण भारत में नियुक्त करना है
ब्यूरो चीफ/रिपोर्टर
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हरियाणा, गुजरात, बिहार, झारखंड, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, असम, गोआ, कर्नाटक, केरल
आदि राज्यों के जिला एवं तहसील स्तर पर मनोनीत करना है
सम्पर्क करें
जी.एस. प्लाजा सूर्य मंदिर रोड गोले का मंदिर, ग्वालियर मध्यप्रदेश
फोन: 0751-4901403
मो. 7879637585, 8770253710
Website-www.pushpanjalitoday.com
Email.- pushpanjalitoday@gmail.com

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## एक नजर....

### श्रीमती रामदेवी लोहिया की पुण्य स्मृति मेंदवा एवं कंबल मरीजों के लिए अस्पताल में बैठ किए



**गोहद।** स्वर्गीय श्रीमती राम देवी लोहिया पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण लोहिया की पुण्य स्मृति में दवा एवं कंबल मरीजों के लिए अस्पताल में भेंट किए गए मेरा अस्पताल नंबर वन योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद के समाजसेवी बढ़-चढ़कर भाग लेकर खुले हाथों से दान करने में आगे आ रहे हैं यह योजना मध्य प्रदेश शासन की है शासन की मंशा है कि पूरे प्रदेश में यहां यहां चिकित्सालय है वहां पूरे वर्ष प्रति सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी चिकित्सीय स्टाफ मैं बीएमओ समाजसेवियों को आमंत्रित कर एक मीटिंग रखें जिसमें मीडिया को भी बुलाया जाए इसमें सभी साथ बैठकर चिकित्सालय नंबर वन बने इस हेतु अपने अपने सुझाव एवं सहयोग दें व चिकित्सालय में कोई कमी हो तो बताएं व निरीक्षण करें इसी क्रम में गोहद नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दानवीर सेठ श्री लक्ष्मीनारायण लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामदेवी लोहिया एवं भाभी श्रीमती कटोरी देवी लोहिया पत्नी श्री बाबूलाल जी लोहिया एवं श्री विवेक लोहिया पुत्र श्री मुरारी लाल लोहिया की पुण्य स्मृति में युवा समाजसेवी श्री आशीष लोहिया ने कंबल एवं दवाएं बीएमओ डॉ आलोक शर्मा जी को प्रदान की उपरोक्त दवाएं हेल्थ टॉनिक से संबंधित थी व कंबल मरीजों के लिए उपलब्ध कराएं ऐसे प्रयासों की सराहना एसडीएम श्री शुभम शर्मा जी नायब तहसीलदार श्री एनके जैन जी बीएमओ श्री आलोक शर्मा जीश्री जेपी अग्रवाल श्री राजीव अग्रवाल श्री विष्णु अग्रवाल श्री संजय झा श्री विमल गुप्ता श्री विजय गोयल श्री बंटी खान आदि ने की।

### खेलकूद की प्रतियोगिताओं से शरीर रहता है स्वस्थः थानाप्रभारी शिवसिंह यादव



महेंद्र शर्मा गोहद

**मेहगांव ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मेहगांव के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत शासकीय उच्चतर माध्यम विद्यालय मेहगांव में लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। लम्बी कूद प्रतियोगिता के उदघाटन कार्यक्रम में मेहगांव थानाप्रभारी शिवसिंह यादव, पूर्व जिला संयोजक गिरजेश सैंथिया, अभाविप के विभाग संयोजक अस्वनी त्यागी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सचिन भदौरिया उपस्थित रहे। थाना प्रभारी शिवसिंह यादव ने परिषद का झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। उन्होंने लम्बी कूद के धावकों को लम्बी कूद से जुड़े हुये टिप्स भी दिये। उन्होंने कहा कि इन प्रतियोगिताओं को हार जीत से ना जोड़ते हुये महत्वपूर्ण उद्देश्य को भी समझना चाहिए। खेल शारीरिक रूप से हमें मजबूत और स्वस्थ रखते है इसलिये हमेशा खेल कूद में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। इस दौरान नगर उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास, संतोष गुर्जर, अवनीश त्यागी प्रशांत गुर्जर, आकाश गुर्जर, अभिषेक डंडोतिया, अभिषेक शर्मा, विपिन बघेल, नितिन बघेल, प्रशांत शर्मा, नित्यम तिवारी, आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पेडियार नगर सगंठन की तरफ से कुन्डतुर्र पुलिस स्टेशन में एलईडी टीवी भेंट की गई



नारायणलाल सैणचा

**चैन्नई**—तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन संगठन पेरियार नगर शाखा की तरफ से कुन्डर्तुर पुलिस स्टेशन में डिप्टी थानेदार भरत एस आई और कम्प्यूटर विभाग के गणेशन को कम्प्यूटर रूम के लिए एलईडी टीवी भेंट की इस कार्यक्रम में तमिलनाडु पौन ब्रोकर्स एंवम् ज्वैलर्स एसोशिएसन संगठन के प्रदेशाध्यक्ष स्वामी तेजानंद महाराज, प्रदेश सचिव कालुराम सोलंकी,महासचिव नरेशपुरी गोस्वामी,पूनमली क्षैत्रीय अध्यक्ष रूपारामजी राठौड पेरियार नगर प्रभारी नेमाराम परिहार,देवाराम गहलोत मोहनलाल पंवार सोनाराम बर्फा, सुरेशजी पंवार,और शेषाराम परिहारिया उपस्थित रहे पुलिस अधिकारियों ने इस अनुपम सहयोग और भेंट को स्वीकार करते हुवे संगठन और व्यापारियों की हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

### कच्ची शराब बनाकर बेचने बाले कंजड़ो पर चला लहार पुलिस का डंडा

**लहार( अर्पित गुप्ता)।** मध्यप्रदेश शासन के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा प्रदेश में कच्ची शराब के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत आज पुलिस अधीक्षक भिंड मनोज कुमार सिंह एवम कलेक्टर भिंड बीरेंद्र रावत के निर्देशन में एवम अतरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव कंचन एवम लहार एस. डी.ओ.पी अवनीश बंसल के मार्गदर्शन में अबैध शराब के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में आज लहार थाना प्रभारी उपेंद्र छारी एवम तहसीलदार लहार नबीन भारद्वाज द्वारा लहार थाना क्षेत्र के ग्राम चिरौली के पास दबिश देकर कंजड़ो के बसेरे जे.सी.बी की सहायता से उजाड़ दिए एवम 60 लीटर कच्ची शराब जप्त कर कंजरों पर कार्यबाही की ।जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना प्रभारी लहार उपेंद्र छारी एवम तहसीलदार लहार नवीन भारद्वाज मय पुलिस बल के चिरौली पहुँचे ओर वहां अबैध रूप से निबास कर रहे कंजड़ो के ढेरों पर जे.सी.बी से कहर बर्षाकर उनके ढेरों को उखाड़ फेंका ओर उन्हें समझाइस दी कि अगर अब कभी यहां दिखे तो सीधा जेल भेज दिया जाएगा इस मौके पर पटबारी अर्चना भदौरिया,महिला आरक्षक रुक्मिणी त्रिपाठी,राधा पचौरी,प्रधान आरक्षक रामबिलास सिंह,आरक्षक उग्रसेन गुर्जर,शैलेन्द्र सिंह,अरविंद सिंह,जय भारद्वाज,अनिल मिश्रा एवम आरक्षक चालक धारा धाकड़ की सराहनीय भूमिका रही।



# दबोह क्षेत्र में कंजर शराब माफियाओं पर कार्यवाही का नहीं हुआ असर

### अमाहा व बड़गांव(करधेन)पर जमकर बेची जा रही कंजर शराब

**दबोह( अर्पित गुप्ता)** मप्र के मुखिया शिवराज सिंह के आदेशानुसार समूचे मध्यप्रदेश में चलाये जा रहे जहरीली कच्ची शराब के खिलाफ आवकारी एवं पुलिस बिभाग का धड़पकड़ अभियान चलाया जा रहा है।अब देखा जाए तो पूरे देश में कच्ची शराब पीने से दो लाख 55 हजार लोगों की मौत हो चुकी है वहीं मुरैना में 21 लोगो की जान गई।वहीं भिंड जिले के दबोह थाना क्षेत्र में 05 लोगो की जान जा चुकी है हाला कि आवकारी एवं पुलिस विभाग के द्वारा लगातार कच्ची शराब माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है जिस दौरान विगत दिनों दबोह थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमाहा बम्बा के पास कंजरों के ढेरों पर आबकारी विभाग ने छापा मारा था जिसमे हजारो लीटर कच्ची शराब बरामद हुई परन्तु कंजरों को पुलिस पकड़ने में नाकामयाव रही।बिभाग द्वारा तीन घण्टे जेसीवी से कच्ची शराव को बरामद करने की कार्यबाही चली परन्तु पुलिस उनके ठिकानों तक नही पहुँच सकी।पुलिस की पीठ फेरते ही कंजरों ने कच्ची शराव की बिक्री फिर से शुरू कर दी।आवकारी पुलिस को तथा स्थानीय पुलिस को ठेंगा दिखाते हुए कंजरों के ढेरों पर शराबियो का जमाबाड़ा लग रहा है।साथ ही इन्होंने ग्रामीण क्षेत्र के गांवों में अपने एजेंट बनाकर 20 रुपये की कंजर बिस्की खुलेआम बेची जा रही है।मन्दिर परिषद में इन कंजरों के काली करतूत से रहबाशियो व आमजन को भारी परेशानी हो रही है।मगर यह का प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा है भारी मात्रा में अमाहा बम्बा पर कच्ची शराब बनाई जा रही है।जिसे लोग सुबह से शाम तक खरीदते नजर आ रहे है।20 रुपये की ये शराब यदि कहीं किसी शराबियो की जान न ले ले यह सोचनीय बात होगी।वहीं बडगांव नम्बर 02 के नजदीक करधेन के पीछे बिना किसी भय के धड़ल्ले से कच्ची शराब बेची जा रही है जहां पर प्रशासन ने अब तक कोई कार्यबाही की है।ऐसे में साफ जाहिर होता है कंजड़ शराब माफियाओ पर कार्यवाही का कोई असर नही हुआ है बो धड़ल्ले से ज़हरिली शराव का कारोबार कर रहे है।।



# सेवा दिवस के रूप में मनाई बालक गोलू की 15वीं पुण्यतिथि...

### मजदूरों के बच्चों को वितरित किए गये वस्त्र और शैक्षणिक सामग्री...

**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** विगत 15 साल पहले अपहृत हुए 4 वर्षीय बालक गोलू की पुण्यतिथि गुरुवार को मुरैना रोड पर स्थित बालकृष्ण शर्मा के ईट भट्टा पर मजदूर परिवारो के बच्चों के बीच मनाई गई इस अवसर पर गोलू के माता पिता गोपाल अग्रवाल, श्रीमती मनीषा अग्रवाल सहित तहसीलदार सर्वेश यादव,थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन, भारतीय जनता पार्टी महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती कंचन चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर सुधीर आचार्य, पटवारी शिव मोहन सिंह तोमर सहित अनेक लोग मौजूद थे इस अवसर पर बोलते हुए तहसीलदार सर्वेश यादव ने कहा कि तत्कालीन समय पर स्वर्गीय गोलू का अपहरण अम्बाह नगर की बेहद दुखद घटना थी लगभग 15 वर्ष पूर्व गोपाल अग्रवाल के परिवार ने इस घटनाक्रम के उपरांत अपने इकलौते पुत्र को खो दिया था तब से प्रतिवर्ष उनके परिजनों ने गोलू की पुण्यतिथि पिछड़ी बस्तियों में जाकर बच्चों की सेवा करके मनाई है जिसके चलते आज तक गोलू हम सभी के दिलो में जीवित है कार्यक्रम में थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह जादौन ने कहा कि स्वर्गीय गोलू की स्मृति में परिजनों व्दारा किया जा रहा सेवा कार्य हम सभी के लिए प्रेरणादायक है इन कार्यों से समाज सेवा के साथ-साथ आत्मीय संतुष्टि भी प्राप्त होती है श्री जादौन ने इस अबसर पर सभी मजदूर बच्चो के लिये बैक्सी नेशन करने के लिया कहा और बालक गोलू को भावभीनी श्रद्धांजलि भी अर्पित की कार्यक्रम के दौरान गोलू की मां श्रीमती मनीषा अग्रवाल ने लगभग एक सैकड़ा बच्चों को गर्म स्वेटर, कोट,जैकेट सहित महिलाओं को साड़ी वितरित की इसके साथ ही मौजूद बच्चे और उनके परिजनों को बिस्कुट, अनार के साथ साथ शैक्षणिक सामग्री का वितरण भी किया जिन्हें प्राप्त करके सभी बच्चे प्रफुल्लित हो गए श्रीमती मनीषा अग्रवाल ने कहा कि वह इन सब बच्चों में अपने गोलू की छवि को देखती हैं जिसके चलते प्रतिवर्ष वह बच्चों के बीच आकर गोलू की पुण्यतिथि मनाती हैं



### बिना लाइसेंस 20 क्वाटर बेचने बाले को मिली न्यायालय उठने एवम पांच सौ रुपये जुर्माने की सजा

**लहार(अर्पित गुप्ता)।** अपरलोक अभियोजक राजवीर सिंह गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया की दिनांक 19 मार्च 2020 को मुखबिर की सूचना पर तस्तीक करते हुए उपनिरीक्षक आलोक सिंह तोमर लहार थाना क्षेत्र के ग्राम जमुहाँ पहुँचे तो देखा कि एक ब्यक्ति ग्राम में परिहार की दुकान के सामने शराब लिए खड़ा मिला जिससे उसका नाम पूंछा तो उसने अपना नाम नारायण पुत्र गंगादीन परिहार निबासी ग्राम जमुहाँ थाना लहार बताया जो हाथ मे एक झोला लिया था उसको चेक किया गया तो उसमें 20 क्वाटर देशी प्लेन मदिरा के मिले जिससे शराब बेचने का बैध लायसेंस चाहा गया तो उसके पास नही होना पाया गया जिसके चलते अभियुक्त के विरुद्ध लहार थाने में अपराध क्र.76/20 धारा में 34(1) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई जिसे बिबेचना उपरांत माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां अपरलोक अभियोजक राजवीर सिंह गुर्जर की दलीलों पर गबाह एवम सबूतों को मद्देनजर रखते हुए जे.एम.एफ.सी महोदय श्री मति संघप्रिया भद्रसेन ने अभियुक्त नारायण पुत्र गंगादीन परिहार उम्र 60 बर्ष निबासी जमुहाँ थाना लहार को दोषी मानते हुए न्यायालय उठने तक कि सजा एवम 500 रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया गया ।



### श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति ने चिकित्सा के क्षेत्र में दिया सहयोग

नारायणलाल सैणचा

पाली /देवली कला बाबूलाल पुत्र सुराराम चोयल गांव देवली कला बेरा खारडा बाबूलाल बेंगलुरु में यह जैन सेठ के यहां नौकरी करते हैं और पूरा परिवार गांव में रहता हैं 3 दिन पहले बाबूलाल मैसूर के लिए आए थे तो एकाएक सिर में सिर को लकवा मार दिया और वही गिर गए वहां खड़े पुलिस वालों ने हॉस्पिटल में पहुंचाया और उनकी जानकारी उनके परिवार तक पहुंचाई राजस्थान से उनके परिवार ने भंवरलाल काग मैसूर और ओगड़ राम को उनकी देखभाल के लिए कहां 2 दिन भंवरलाल और औगड़ राम ने हॉस्पिटल में अपने जेब से दवाइयां का पैसा सहयोग दिया बाद में भंवरलाल ने श्री आईजी क्षत्रिय सीरवी विकास सेवा समिति से सहयोग की अपील लगाई तब मैसूर में रह रहे समिति के महासचिव गुदड़राम काग एवं कोषाध्यक्ष करमाराम परिहार ने हॉस्पिटल में जाकर उनका हालचाल देखा और परिवार के बारे में समिति के कार्यकारिणी में जानकारी दी। समिति के संस्थापक भीमाराम संरक्षक रामलाल सैणचा साहब एवं बाबूलाल चोयल और सेवा समिति के अध्यक्ष सुजा राम एवं समस्त कार्यकारिणी ने इस परिवार की आर्थिक स्थिति को जांच कर चिकित्सा के सहयोग के लिए ?31000 की राशि देने का निर्णय लिया सहयोग राशि उनके बेटे और बेटी को दी गई दोनों भाई बहन ने समिति का सहयोग आभार प्रकट किया राशि देने के समय सीरवी समाज के पूर्व अध्यक्ष दुर्गाराम और ओगड़ राम भंवरलाल काग समिति महासचिव गुदड़राम कोषाध्यक्ष करमाराम परिहार मौजूद रहे।

### किसानों को बिजली सब्सिडी अब सीधे बैंक खातों में

**ग्वालियर।** मध्यप्रदेश ने वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा पॉवर सेक्टर (बिजली क्षेत्र) में सुधारों के लिए बनाए गए मानदंडों को लागू करने में मध्यप्रदेश ने अग्रणी भूमिका निभाई है। इसके तहत राज्य ने दिसंबर 2020 से विदिशा जिले में किसानों को बिजली के तहत मिलने वाली सब्सिडी को सीधे बैंक खाते (डीबीटी के जरिए) में देनी शुरू कर दी है। इस प्रकार मध्यप्रदेश ने पॉवर सेक्टर के लिए निर्धारित तीन सुधारों में से एक को सफलतापूर्वक लागू कर दिया है। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि बिजली सुधार को सफलतापूर्वक लागू करने से मध्य प्रदेश को अपने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के 0.15 प्रतिशत के बराबर अतिरिक्त वित्तीय पूंजी जुटाने की पात्रता मिल गयी है। इसके तहत व्यय विभाग ने राज्य को खुले बाजार से 1423 करोड़ रुपये कर्ज लेने की अनुमति दे दी है। यह राशि राज्य को कोविड-19 महामारी से लड़ने के लिए जरूरी कदम उठाने में मदद देगी। वित्त मंत्रालय की पॉवर सेक्टर में सुधारों के जरिए कोशिश है कि किसानों को बिना किसी अड़चन के न केवल बिजली सब्सिडी की राशि मिल सके बल्कि भ्रष्टाचार को भी रोका जा सके। इसके अलावा इन कदमों के जरिए यह भी कोशिश है कि विद्युत वितरण कंपनियों की बैलेंसशीट को भी सुधारा जा सके।

# यातायात जागरूकता के लिये रेड लाईट पर मानव श्रृंखला एन.एस.एस. स्वयं सेवकों द्वारा डी.एस.पी. अन्नोटिया

### यातायात जागरूकता के लिये सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत एन.एस.एस. माघद महाविद्यालय द्वारा कार्यक्रम

सुरजीत राजावत

**ग्वालियर।** यातायात के लिये वाहन चलाने के लिये लायसेस होने का मतलब ही यातायात के नियमों की सम्पूर्ण जानकारी है। सड़क सुरक्षा सप्ताह में आम जन को जागरूक करने के लिये माधव महाविद्याल राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा यातायात जागरूकता के लिये फूलबाग चौराहे पर रेड लाईट होते ही जेबरा लाईन के पीछे मानव श्रृंखला बनाकर वाहन चालको को उसके पीछे खड़े होने के लिये जागरूक किया गया। यह कार्यक्रम डी.एस.पी. यातायात नरेश अन्नोटिया एवं वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय कुमार पाण्डेय राष्ट्रीय सेवा योजना माधय महाविद्यालय के नेतृत्व में फूलबाग चौराहे पर किया गया। डी.एस.पी अन्नोटिया ने कहा कि यातायात के नियमों को समझना हम सबका कर्तव्य है परन्तु समझकर न समझी करना एक मुर्खता है क्योंकि कोई यह नहीं कह सकता की हमें यातायात के नियमों की जानकारी नहीं है। जब हम वाहन चला रहे है उसके लिये लायसेंस आवश्यक होता है और एन.एस. एस. माधव महाविद्यालय के स्वयंसेवको की मानव श्रृंखला बनाकर रेड लाईट पर वाहन चालको को रोकने के लिये जागरूक करने का काफी अच्छा कार्य किया गया रेड लाईट होने के बाद भी काफी लोग उसको कास करने की कोशीश करते है तथा कई लोगों को जेयरा लाईन के बारे में नहीं पता वह अपने वाहन को रेड लाईट में जेबरा लाईन पर लाकर खड़ा कर देते है जो यातायात नियमों के विरुद्ध है जिसके लिये जेवरा लाईन रेड लाईट के समय पैदल चलने वाले आम जन के लिये होती है जिसे माधव महाविद्यालय के स्वयंसेवको ने मानव अंखला बनाकर वाहन चालको को उसके पीछे खड़े होने का आग्रह किया। डॉ. पाण्डेय बताया कि सड़क सुरक्षा सप्ताह में कई प्रकार के कार्यक्रम यातायात जागरूकता के लिये किये जाते रहेंगे। परन्तु जेबरा कासींग के महत्व को समझाना काफी आवश्यक है छात्र/ छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम को आमजन लोग समझते हैं क्योंकि एन.एस.एस. जागरूकात का ही कार्य करती है। समाज में कई प्रकार की भांतियों को दूर करने का कार्य एन.एस.एस. स्वयंसेवक करते है। इस कार्यक्रम की फूलबाग चौराहे पर काफी सराहना की गई और डी.एस.पी. अन्नोटिया ने कहा कि यह स्वयंसेवक और भी चौराहों पर इस प्रकार के अनेक कार्यक्रम करते रहे जिससे यातायात जागरूकता बढ़ेगी। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों में अंकुर चौरसिया, अंकुश अरोरा,अनिरूद्ध शर्मा, संजय यादव, अजय राजौरिया, हेमन्त मांझी, यश किरार, पूर्वी बोरगांवकर, प्रियंका किरार, प्रदीप शर्मा, योगेश्वर माहौर,वैष्णवी शर्मा, अंजली गोयल, शेफाली, निशा भार्गव, शीतल, शीवांगी, अभय राणा आदि लोग प्रस्तुत रहे।











VISION 2030

ग्वालियर शहर में पहली बार हर सेवा और वस्तु बहुत ही सस्ती

जियो रीचार्ज एक माह 199 वाला केवल 180 में।
आइडिया और एयरटेल का रीचार्ज केवल 225/- में 249 वाला।
किराना का सामान सबसे सस्ता।
HOME TUITION का डेमो फ्री वो भी 15 दिन।
केक केवल 180/- में फ्री HOME DELIVERY के साथ।
टिफिन सेंटर खाना बिल्कुल घर जैसा।

ऐसे ही 5 लाख प्रोडक्ट्स और 50 से ज्यादा सेवाएँ
बस एक कॉल या वॉट्सएप्प, हर सेवा आपके पास।

Only WHATSAPP 9425823988
call-9691937250/- 9516003221



## एक नजर...



### जनजातीय संग्रहालय में कुत्ते को बेरहमी से पीट-पीट कर मार डाला, अब सफाईकर्मी के खिलाफ केस दर्ज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के भोपाल के श्यामला हिल्स में स्थित जनजातीय संग्रहालय में इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक सफाईकर्मी ने कुत्ते को डंडे से पीट-पीटकर मार डाला है। पिटाई से हुई एक आवारा कुत्ते की मौत के मामले में पुलिस ने मप्र जनजातीय संग्रहालय के सफाईकर्मी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफाईकर्मी ने कुत्ते की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंक दिया था। श्यामला हिल्स थाना प्रभारी तरुण भाटी के अनुसार, रविवार की शाम को संग्रहालय की कैंटीन के पास आवारा कुत्ते बैठे हुए थे। कुछ लोगों ने वहां के सफाईकर्मी विनोद से शिकायत कर कहा कि, यहाँ के कुत्ते लोगों को काट रहे हैं और गंदगी भी फैलाते हैं। इसके बाद विनोद ने कुत्तों को भगाना शुरू किया। इसी बीच वह डंडे से एक कुत्ते को पीटने लगा। यह सब होने के दौरान वहीं एक सैन्य अधिकारी की पत्नी बैठी गहना हुई थीं, वे संग्रहालय घूमने आई थीं। उन्होंने विनोद को कुत्ते की पिटाई करने से रोका लेकिन उसने अनसुना कर दिया। गहना ने बताया कि विनोद ने अंत में जोर से एक डंडा कुत्ते के मारा और उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसने कुत्ते के शव को झाड़ियों में फेंक दिया। कुत्ते की हालत देखते हुए गहना ने पशु प्रेमी का नंबर सर्च किया तो उन्हें हर्षवर्धन नगर निवासी प्रभांशु रंजन शुक्ला का नंबर मिला। उन्होंने प्रभांशु को आवारा कुत्ते की पिटाई से हुई मौत की जानकारी दी। इसके बाद प्रभांशु अपने साथियों के साथ संग्रहालय पहुंचे और श्यामला हिल्स थाने में कुत्ते की हत्या किए जाने की शिकायत की। प्रभांशु ने बताया कि, जब वे पहुंचे तो घटनास्थल पर खून के धब्बे पड़े हुए थे, फिर हमने तत्काल नजदीकी थाने से संपर्क कर वहां शिकायत की। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक कराएं तो पता चला कि बेजुबान जानवर को बहुत बेरहमी से मारा गया है। बेजुबान जानवर की बॉडी को कब्जे में लेकर उसे तत्काल राज्य पशु चिकित्सालय को भेजा गया। जहां उसका पोस्टमार्टम किया गया। पोस्टमार्टम के बाद वह बॉडी मुझे सुपुर्द की गई। जिसे मैंने दफनाया है। मैं सरकार से यही विनती करना चाहूंगा कि वह दोषियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें।

### मुख्यमंत्री जी ने सड़क सुरक्षा माह का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया शुभारंभ



### यातायात के नियमों, चिन्हों का पालन करते हुए दुर्घटना से बचे

**एटा।** मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने वीडीओ क्रांफेसिंग के माध्यम से 21 जनवरी से 20 फरवरी 2021 तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ लखनऊ में किया तथा एन0आई0सी0 के माध्यम से अधिकारियों को यातायात नियम पालन करने की शपथ दिलायी। एनआईसी में मा0 मुख्यमंत्री जी का कार्यक्रम समाप्त होने के उपरान्त सदर विधायक विपिन वर्मा डेविड, जिलाधिकारी सुखलाल भारती, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रुप से कलेक्ट्रेट परिसर में मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को यातायात नियम का पालन करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि वाहन चलाते समय यातायात के सभी नियमों का पालन करने के साथ 18 वर्ष से कम बच्चों को वाहन न चलाने दें। मोटर साईकिल व स्कूटर चलाते समय हेलमेट एवं चार पाहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगायें। उन्होने कहा कि नशे की हालत में एवं मोबाइल पर बात करते हुए वाहन न चलाये तथा तेजगति से वाहन न चलाये और स्टंट आदि बिलकुल न करें। इस अवसर पर सीएमओ डॉ अरविंद कुमार गर्ग, अपर पुलिस अधीक्षक ओपी सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार सिंह, इरफान नासिर खान, एआरटीओ हेमचंद गौतम, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतीश कुमार, एआर कोऑपरेटिव महावीर सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण, टीएसआई, स्काउट गाइड, यातायात के जवान आदि उपस्थित रहे।



स्बृजभूषण सिंह कुशवाह सीएम क्लब को एल आई सी के वरिष्ठ मंडल द्वारा श्रीफल व साल देकर सम्मान किया गया ब्रांच के सभी लोग उपस्थित थे इस अवसर पर बृज भूषण कुशवाहा को गोहद पत्रकार संघ की ओर से भी बधाई दी गई है इस अवसर पर बधाई देने वालों में मालनपुर में पत्रकार वरिष्ठ पत्रकार डॉ परमाल सिंह तोमर करन सिंह तोमर श्याम बाजपेई रामू तोमर रिंकू कटारे हिमालय माथुर राघवेंद्र सिंह तोमर राजा बाबू शैलेंद्र तोमर आशीष शर्मा देवेंद्र जैन मोनू बाथम असगर खान दाताराम सुमन मुकेश प्रजापति जितेंद्र सिंह तोमर देवेंद्र शर्मा बंटू परिहार लालजी सिंह भदोरिया राजकुमार सिंह राजावत पहलवान सिंह राजावत आज लोगों ने सम्मान किया।

किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी सुरेंद्र सोलंकी जी मध्य प्रदेश के दो दिवसीय दौरे पर चंबल की धरती पर पधारे और प्रेस वार्ता की सुरेंद्र सोलंकी जी ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया सरकार



तानाशाही रवैया अपनाए हुए है जिस दिन से भाजपा की सरकार केंद्र में काबिज हुई है किसानों पर एक के बाद एकअत्याचार किए जा रहे हैं लगभग 57 दिन से देश का अन्नदाता दिल्ली के बॉर्डर पर कड़ाके की ठंड में बैठा है सरकार पूंजीपति दोस्तों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को खालिस्तानी बताती है एनआईए की जांच बिठा दी है शर्म आनी चाहिए ऐसी सरकार को सोलंकी जी ने बताया कि किसान कांग्रेस आने वाली 26 जनवरी को किसान बचाओ दिल्ली चलो कार्यक्रम के तहत मध्य प्रदेश से हजारों की संख्या में किसान भाई किसान कांग्रेस के कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचेंगे सोलंकी जी ने किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों की बैठक भी ली जिसमें किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सुरेश शर्मा मौजूद रहे सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में किसानों को लेकर दिल्ली पहुंचे 26 तारीख को और केंद्र सरकार को जवाब देने का समय आ गया है किसानों के अधिकार के लिए लड़ने का समय आ गया है सोलंकी जी ने कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर पर भी आरोप लगाया कि तोमर किसान विरोधी है अगर कानून नहीं बदल सकते तो तोमर दो इस्तीफा दे देना चाहिए वरना यहां की जनता उनको आने वाले चुनाव में जवाब देगी आज जो किसान के साथ खड़ा होगा वही किसान हितेषी है सोलंकी जी ने केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जिस तरीके से अंग्रेजों ने देश के किसानों पर व आमजन पर जो अत्याचार किए थे इस सरकार ने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया पहले लड़े थे।

### पुलिस की वर्दी में दो सर्राफा व्यवसायियों को अगवा कर

# 30 लाख लूटे, तलाश में जुटीं कई टीमें

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के महराजगंज के दो स्वर्ण कारोबारियों को गोरखपुर रेलवे बस स्टेशन से बुधवार की सुबह वर्दीधारी बदमाशों ने ऑटो से अगवा कर नौसढ़ के हरैया में ले जाकर 30.20 लाख लूट लिए। दोनों व्यापारियों के पास करीब 19 लाख रुपये और 11.20 लाख रुपये के कीमत का सोना था। पीड़ित ने चौकी पर पहुंची कर लूट की सूचना दिया। आरोप है कि शुरू में पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद में उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी होने पर पुलिस सक्रिय हुई। पीड़ित से पूछताछ बाद पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। बदमाशों की पहचान के लिए रेलवे बस स्टेशन से नौसढ़ तक लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल जा रहा है।

महराजगंज जिले के निचलौल कस्बा निवासी दीपक वर्मा ओर रामू वर्मा स्वर्ण कारोबारी हैं। दोनों की कस्बे में दुकान है। बुधवार की सुबह छह बजे वह महराजगंज से बस पकड़ कर लखनऊ जाने के लिए घर से निकले। सुबह तकरीबन आठ बजे गोरखपुर रेलवे बस स्टेशन पर बस पहुंचने पर दोनों लखनऊ जाने के लिए दूसरी बस में बैठ गए। लखनऊ जा रही जनरथ बस में सवार हो गए। आरोप है कि इस दौरान दो वर्दीधारी उनके पास पहुंचे और साथ चलने को कहा। पहले वे बोलेरो में बैठने का इशारा किए पर दोनों ने बोलेरो में साथ चलने से मना कर दिया तब वे इशारे से एक ऑटो बुलाए और दोनों को उसमें बैठा कर नौसढ़ की तरफ रवाना हो गए। नौसढ़ चौकी पर भी जब दोनों नहीं रुके तब व्यापारियों को शक हुआ। इस बीच एक ने अपने पास से तमंचा सटा दिया और चौकी से 500 मीटर आगे हरैया के पास सबसे पहले दीपक वर्मा को लूटे। दीपक के पास से 11 लाख रुपये और 95 ग्राम सोना लूट कर बदमाशों



ने उसे ऑटो से सड़क पर ढकेल दिया और आगे बढ़ गए। कुछ दूर आगे जाने के बाद रामू को अपना शिकार बनाए। उसके पास से आठ लाख रुपये और छह लाख सोना लूट लिए। इस दौरान रामू की बदमाशों से छीना-झपटी भी हुई। जिसको सड़क के किनारे खड़े कुछ ग्रामीणों ने भी देखा लेकिन वर्दीधारी को देख कोई उनके नजदीक नहीं गया। उधर, लूट की घटना के बाद दीपक ने सबसे पहले मोहद्दीपुर में रहने वाले अपने रिश्तेदार को इसकी जानकारी दी और नौसढ़ चौकी पर पहुंचा। औराप है कि नौसढ़ चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने दीपक की शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। इसके आधे घंटे बाद रामू भी चौकी पर पहुंचा। इस बीच चौकी पर पहुंचे दीपक के रिश्तेदार ने घटना की जानकारी परिजनों के साथ ही पुलिस के उच्चाधिकारियों को दी। उच्चाधिकारियों को मामले की जानकारी होने के बाद नौसढ़ चौकी की पुलिस सक्रिय हुई। वह पीड़ित को घटनास्थल पर लेकर पहुंची। लूट की जानकारी होने पर एसपी उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी, सीओ कैम्पियरगंज, रामगढ़ताल थानेदार मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दिए।

**बदमाशों की पहचान के लिए सीसीटीवी कैमरा खंगाल रही पुलिस**-लूट की घटना की सूचना पर गीडा, कैंट और क्राइम ब्रांच की टीम सक्रिय हो गई। पुलिस रेलवे बस स्टेशन से नौसढ़ तक दुकान और मकान पर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। कैंट पुलिस रेलवे बस स्टेशन के आसपास लगे दुकानों पर सीसीटीवी फुटेज की जांच की। वहीं नौसढ़ और रास्ते में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच गीडा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम कर रही है।

**महराजगंज से पीछे लगे हुए थे बदमाश**-घटना की जांच में जुटी पुलिस को आशंका है कि बदमाश महराजगंज जिले से ही उनके पीछे लगे हुए थे। घटना के खुलासा के लिए महराजगंज पुलिस की भी मदद ली जा रही है। पुलिस को संदेह है कि बदमाशों की संख्या दो से अधिक रही होगी। ऑटो के आगे या पीछे कसी एक अन्य वाहन से वह उनका बैक सपोर्ट कर रहे थे। महराजगंज से पहुंचे पीड़ित दीपक के भाई तारकेश्वर से भी पुलिस पूछताछ कर रही है।

**लखनऊ नए आभूषण लेने जा रहे थे कारोबारी**-पुलिस की पूछताछ में दोनों स्वर्ण कारोबारियों ने बताया कि वह लखनऊ से नये आभूषण खरीद कर लाते थे। वह नकदी रुपये लेकर आभूषण लेने जा रहे थे। इसके अलावा पहले के लाए आभूषण में कुछ गुणवत्ता की कमी होने पर उनको वापस करने के लिए ले जा रहे थे। वह अक्सर 10-15 दिन पर लखनऊ जाते थे।

### जेपी नड्डा आज मंत्रिमंडल के साथ करेंगे बैठक

## पंचायत चुनाव और मिशन 2022 की बनाएंगे रणनीति

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा आज से उत्तर प्रदेश में दो दिन के प्रवास पर रहेंगे। वह चुनावी वर्ष के मद्देनजर मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। वहीं सांगठनिक बैठकें कर पंचायत चुनाव और मिशन-2022 के लिए रणनीति तय करेंगे। सांसदों व विधायकों के साथ बैठकें कर चुनावी तैयारियों पर चर्चा करेंगे। इसके साथ ही कई अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में भी भाग लेंगे। जेपी नड्डा कल गुरुवार को दोपहर 1ः30 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां एयरपोर्ट के बाहर पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता व सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता गौरव भाटिया भी उनके स्वागत में मौजूद रहेंगे। शाम 4ः00 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय लखनऊ में प्रदेश भाजपा पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों के साथ मंत्रणा करेंगे। वे प्रदेश की भाजपा सरकार के मंत्रियों के साथ प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही बैठक करेंगे। रात 9ः00 बजे वह प्रदेश भाजपा कार्यालय में ही पार्टी की कोर कमेटी की बैठक करेंगे।

जेपी नड्डा 22 जनवरी शुक्रवार को सुबह 9ः45 बजे चिनहट ग्रामीण लखनऊ की मंडल बैठक



करेंगे। सुबह 11ः00 बजे नड्डा सीएमएस गोमतीनगर विस्तार लखनऊ महानगर एवं जिला के बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को संबोधित करेंगे। दोपहर 12ः30 बजे वह प्रदेश भाजपा कार्यालय में अवध एवं कानपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं जिलाध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। 22 जनवरी को ही नड्डा दोपहर 3ः00 बजे प्रदेश भाजपा कार्यालय लखनऊ में अवध क्षेत्र के भाजपा सांसदों एवं विधायकों के साथ बैठक करेंगे। शाम 4ः00 बजे वे सोशल मीडिया वालंटियर्स को संबोधित करेंगे। शाम 5ः30 बजे वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। अध्यक्ष बनने के बाद नड्डा ने राज्यों में प्रवास का कार्यक्रम तय किया था। उन्हें 26 व 27 दिसंबर 2020 को ही लखनऊ आना था लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने के कारण उनका कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था। उनके आगमन को देखते हुए बुधवार को दिन भर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी राधा मोहन सिंह, प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल आदि तैयारियों का जायजा लेते रहे। देर रात उन्होंने इंदिरा प्रतिष्ठान का दौरा कर तैयारियों की समीक्षा की।



### सरपंच संघ अध्यक्ष दिलीप सोनीगरा के आह्वान पर तालाबंदी की गई

**रानी पाली नेनाराम सीरवी।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत। देंदा। सरपंच एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पाली पंचायत समिति दिलीप सिंह सोनीगरा के आव्हान पर संपूर्ण ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तालाबंदी की गई।सरकार द्वारा सरपंच के वित्तीय अधिकार को छेड़छाड़ करने को लेकर भारी नाराजगी जताते हुए संपूर्ण ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सन्नाटा छाया रहा। सरपंचों ने ग्राम पंचायतों में तालाबंदी श्वस्त्र अकाउंट के विरोध में की गई। सरपंचों के सहयोग में आए उप सरपंच वार्ड पंच उपस्थिति में राजीव गांधी सेवा केंद्र ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तालाबंदी की गई।पाली जिले के पाली पंचायत समिति के अलावा हर पंचायत समिति स्तर पर अपने-अपने समिति के सरपंच संघ अध्यक्ष के आव्हान पर विरोध प्रदर्शन करके तालाबंदी की गई। तालाबंदी करने पर आमजन को ग्राम पंचायत मुख्यालय से दस्तावेज अपलोड करवाने को लेकर परेशानी बनी। लेकिन सरकार के कड़े फैसले को चुनौती देने के लिए संपूर्ण ग्राम पंचायत मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करके तालाबंदी की गई।



वर्गीय श्रीमती राम देवी लोहिया पत्नी श्री लक्ष्मी नारायण लोहिया की पुण्य स्मृति में दवा एवं कंबल मरीजों के लिए अस्पताल में भेंट किए गए मेरा अस्पताल नंबर वन योजना के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद के समाजसेवी बढ़-चढ़कर भाग लेकर खुले हाथों से दान करने में आगे आ रहे हैं यह योजना मध्य प्रदेश शासन की है शासन की मंशा है कि पूरे प्रदेश में यहां यहां चिकित्सालय है वहां पूरे वर्ष प्रति सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी चिकित्सीय स्टाफ मैं बीएमओ समाजसेवियों को आमंत्रित कर एक मीटिंग रखें जिसमें मीडिया को भी बुलाया जाए इसमें सभी साथ बैठकर चिकित्सालय नंबर वन बने इस हेतु अपने अपने सुझाव एवं सहयोग दें व चिकित्सालय में कोई कमी हो तो बताएं व निरीक्षण करें इसी क्रम में गोहद नगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं दानवीर सेठ श्री लक्ष्मीनारायण लोहिया की धर्मपत्नी श्रीमती रामदेवी लोहिया एवं भाभी श्रीमती कटोरी देवी लोहिया पत्नी श्री बाबूलाल जी लोहिया एवं श्री विवेक लोहिया पुत्र श्री मुरारी लाल लोहिया की पुण्य स्मृति में युवा समाजसेवी श्री आशीष लोहिया ने कंबल एवं दवाएं बीएमओ डॉ आलोक शर्मा जी को प्रदान की उपरोक्त दवाएं हेल्थ टॉनिक से संबंधित थी व कंबल मरीजों के लिए उपलब्ध कराएं ऐसे प्रयासों की सराहना एसडीएम श्री शुभम शर्मा जी नायब तहसीलदार श्री एनके जैन जी बीएमओ श्री आलोक शर्मा जीश्री जेपी अग्रवाल श्री राजीव अग्रवाल श्री विष्णु अग्रवाल श्री संजय झा श्री विमल गुप्ता श्री विजय गोयल श्री बंटी खान आदि ने की।

## लखनऊ गैंगवार : आजमगढ़ जेल में रची गई थी अजीत की हत्या की साजिश

**लखनऊ।** जेल से अपराधी सब कुछ कर सकते हैं। इसका खुलासा अजीत सिंह की हत्या में फिर सामने आया। अजीत की हत्या की साजिश आजमगढ़ जेल से कुंटू सिंह और अखंड ने रची। शूटर के लिए बाहर मौजूद एक बाहुबली आका और जेल में बंद सुनील राठी ने सारे इंतजाम कराए। सुनील राठी के इशारे पर ही उसका करीबी राजेश तोमर लखनऊ पहुंचा था। जबकि हरियाणा से मौके पर गया मुस्तफा वाराणसी के एक बड़े अपराधी के इशारे पर हत्या के लिए राजेश के साथ हुआ था। पुलिस सूत्रों ने यह दावा हिरासत में लिये गये संदीप बाबा से मिली जानकारी के आधार पर किया है। कमिश्नरेट पुलिस खुलासे के एकदम करीब पहुंच चुकी है। यही वजह है कि इस हत्याकांड की पड़ताल में जुटे अफसरों ने संदीप से कई घंटे तक पूछताछ की। पुलिस का यह भी कहना है कि संदीप के गिरफ्तार होते ही उसके घर वाले और अन्य परिचितों ने कई जगह इस संबंध में प्रार्थना पत्र भी डाल दिया कि पुलिस उसका एनकाउंटर दिखा सकती है।



**परमवीर की हत्या में हुआ इनाम**-राजेश तोमर अलीगढ़ के अलावा काफी समय तक शामली में सक्रिय रहा। पिछले साल परमवीर तुगाना की हत्या में राजेश का नाम आया था। तब से वह फरार है। इसमें उस पर 25 हजार रुपये इनाम घोषित हुआ था। फरारी के समय वह जेल में बंद अपराधियों के सम्पर्क में रहा। इस दौरान उसे इस हत्या के लिये कहा गया तो वह संदीप के साथ इस काम को करने के लिये लखनऊ पहुंचा था।

### नेपाल से सटा नौतनवा बना पूर्वांचल का सबसे बड़ा आटोमोबाइल टर्मिनल, हर हफ्ते पहुंच रही सैकड़ों गाड़ियां

गोरखपुर। लखनऊ मण्डल का नेपाल से सटा छोटा सा रेलवे स्टेशन नौतनवा अब पूर्वांचल का सबसे बड़ा आटोमोबाइल टर्मिनल का रूप ले रहा है। मालगाड़ी के 10 रेक से यहां अब तक एक हजार से ज्यादा फोर व्हीलर वाहन (कार, पिकअप, आटो) उतर चुके हैं। वाहनों के यहां उतरने जाने के बाद इन्हें नेपाल ट्रांसपोर्ट कर दिया जाता है। आटोमोबाइल के ट्रांसपोर्टेशन से एक तरफ जहां स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ने लगी हैं वहीं दूसरी तरफ 100 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ मण्डल का नौतनवा रेलवे स्टेशन पर हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध हैं। टर्मिनल स्टेशन होने के नाते यहां लोडिंग और अनलोडिंग काफी सहज है।

टर्मिनल स्टेशन है नौतनवा रेलवे स्टेशन-लखनऊ मण्डल का नौतनवा रेलवे नेपाल से सटा हुआ है साथ ही यह टर्मिनल स्टेशन भी है। टर्मिनल स्टेशन उसे कहते हैं जो उस रूट का आखिरी स्टेशन होता है।

## यूपी में पंचायत चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने जारी की गाइडलाइन्स

**बदायूं ।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने वाली है। प्रधानी चुनाव के लिये लोग सक्रिय होकर तैयारी करने लगे हैं। प्रधान पद से लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लाक प्रमुख से लेकर वार्ड मेम्बर तक के प्रत्याशियों की चुनाव खर्च को लेकर चिंता बढ़ गयी है। इस बार निर्वाचन आयोग ने कई बंदिश लगा दी हैं। जिला निर्वाचन विभाग को निर्वाचन आयोग ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गाइड लाइन जारी कर दी है। चुनाव से पहले ही प्रधान से लेकर अन्य पदों तक के दावेदारों की चिंता बढ़ा दी है। पंचायत चुनाव का नाम जितना छोटा है उतना ही चुनाव का हिस्सा बढ़ा है और खर्चा ज्यादा होता है। मगर आयोग ने अभी से खर्चा की गाइड लाइन जारी कर दी है।। इस बार चुनावी खर्चा बहुत कम कर दिया है। इस बार प्रधान पद को 30 हजार रुपये सिर्फ खर्च करने की अनुमति है। वहीं बीडीसी सदस्य 25 हजार,वार्ड मेंम्बर पांच हजार, जिला पंचायत सदस्य 75 हजार, ब्लाक प्रमुख को 75 हजार, जिला पंचायत अध्यक्ष पद को 2 लाख खर्च करने की अनुमति है।




**कुर्सी से लेकर चम्मच तक का देना होगा हिसाब**-पंचायत चुनाव में वार्ड मेंम्बर से लेकर जिला पंचायत तक का चुनाव होने वाला है। इसमें चुनावी खर्चा की सीमा तय कर दी है, जिसमें चाहे प्रधान पद प्रत्याशी हों या फिर वार्ड मेंम्बर, बीडीसी सदस्य, ब्लाक प्रमुख सहित कोई पद हो। जिसमें चुनाव के दौरान इस्तेमाल होने वाली चम्मच से लेकर कुर्सी और दड़ी तक का हिसाब देना पड़ेगा।

**कागजों से बाहर चलेंगे प्रधानजी के भंडारे**-प्रधानों को अपने वोटरों को लुभाने के लिये भंडारा कागजों से हटाकर कराना पड़ेगा। अगर चुनाव में रकम शामिल कर ली गई तो सीमा से बाहर खर्चा पहुंच जायेगा और प्रधानजी को जवाब देना पड़ेगा। विरोधी इसी ताक में रहेंगे और शिकवा शिकायतें बढ़ेंगी। इस बार प्रधानजी 30 हजार रूपये में कैसे जाम छलकवायेंगे। जाम छलकवाने के लिये प्रधानजी को चिंता रहेगी की तय सीमा से ज्यादा न पहुंच जाये। मगर हर बार पंचायत के चुनाव में शराब जमकर छलकती है मगर इस बार कैसे छलकेगी इसके लये इंतजार करना पड़ेगा। डॉ. प्रमेंद्र सिंह पटेल, सहायक चुनाव अधिकारी पंचायत बताते हैं कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चुनावी खर्चा की सीमा लागू कर दी गई है, सीमा से ज्यादा खर्च नहीं कर सकेंगे अगर ज्यादा खर्च करते हैं तो लिखित जवाब के साथ खर्च का हिसाब देना होगा। नामांकन के दौरान आरओ प्रत्याशी को जानकारी देंगे।

## संपादकीय

# हादसे की सड़क

गुजरात के सूरत जिले में एक बेलगाम ट्रक से कुचल कर जिस तरह पंद्रह मजदूरों की जान चली गई, वह एक बार फिर प्रशासन से लेकर सड़क पर वाहन चलाने वालों की बहुस्तरीय लापरवाही का सबूत है। यह दुर्घटना सूरत मुख्यालय से करीब साठ किलोमीटर दूर स्थित कोसांबा गांव में हुई जहां सड़क किनारे फुटपाथ पर कुछ मजदूर थके-मांदे सो रहे थे और अचानक बेलगाम हुए एक ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। एक बच्ची सहित कुल पंद्रह मजदूरों की मृत्यु हो गई और कई अन्य बुरी तरह घायल हो गए। तात्कालिक कारण के रूप में यह बताया गया कि ट्रक चालक सामने से आ रहे गन्ने से लदे एक ट्रैक्टर से बचने के क्रम में काबू खो बैठा। सवाल है कि जिन इलाकों में आम लोगों की आवाजाही हो या किसी भी वजह से उनकी मौजूदगी हो, उसमें एक वाहन की रफ्तार कैसे इतनी थी कि उस पर चालक का नियंत्रण नहीं रहा! फिर सड़क यातायात का नियमन करने वाले महकमे की ड्यूटी क्या थी कि गन्ने से लदा ट्रैक्टर और ट्रक इस हादसे का कारण बना? आखिर किन वजहों से इतने मजदूर सड़क किनारे फुटपाथ पर सोए थे और उन्हें उसी जोखिम भरे हालात में छोड़ दिया गया था? अब हादसे की भयावहता के मद्देनजर एक रस्म तरह सरकार की ओर से यह घोषणा कर दी गई है कि समूची घटना की जांच कराई जाएगी और पीड़ितों और मृतकों के परिजनों को मुआवजा दिया जाएगा। संभव है कि यह हादसे के शिकार मजदूरों के परिवारों के लिए किसी राहत जैसा हो, लेकिन क्या इस तरह की औपचारिकताएं समस्या का वास्तविक समाधान या फिर विकल्प हो सकती हैं? घटना का शिकार हुए मजदूर महज जिंदा रहने के लिए राजस्थान से चल कर गुजरात के सूरत में रोजी-रोटी का इंतजाम और गुजारा कर रहे थे। अफसोसजनक यह है कि वहां उनके लिए ऐसी कोई जगह नहीं उपलब्ध नहीं हो सकी, जहां वे सुरक्षित रात गुजार पाते। आमदनी की सीमा और अन्य मजबूरियों की वजह से किसी तरह रात काटने के लिए उन्हें सड़कों के किनारे फुटपाथ का सहारा लेना पड़ता था। यानी सरकार की ओर से रैन-बसेरा जैसा कोई इंतजाम नहीं है या है तो उसके बावजूद बहुत सारे मजदूरों के सामने फुटपाथों पर रात गुजारने की नौबत है। वरना कोई शौक से या गैरजरूरी तरीके से रात काटने के लिए फुटपाथों का सहारा नहीं लेता है। लेकिन मजदूरों को यह नहीं पता होता है कि अपनी मूल जगहों पर वे भूख और अभाव से दो-चार थे और उससे बचने के लिए वे जहां पहुंचे, वहां भी उनके सामने हर वक्त महज जिंदा रहने की चुनौती है। ऐसा नहीं है कि सरकारें चाहें तो इन हालात से निपटा नहीं जा सकता। सड़क यातायात को नियंत्रित करने के लिए एक समूचा महकमा काम करता है। फिर भी वाहनों के नियंत्रण खो देने की घटनाएं अब चौंकाती नहीं हैं। मगर अक्सर वाहनों के बेलगाम हो जाने के बाद हुए हादसे और उसमें नाहक ही लोगों के मारे जाने की त्रासदी के बाद जांच और मुआवजे की औपचारिकताएं जरूर सामने आती हैं। तमाम मजदूर अपने गांवों से रोजी-रोटी की तलाश में शहरों-महानगरों में पहुंचते हैं और उन्हें एक विकसित और चमकता चेहरा देते हैं, लेकिन सरकारें उनके तात्कालिक और सुरक्षित अस्थायी बसेरे का भी इंतजाम करना जरूरी नहीं समझतीं। यह स्थिति शायद इसलिए भी बनी हुई है कि सड़कों के किनारे फुटपाथों पर हादसों में कुचल कर मारे जाने वाले लोग आमतौर पर बेहद गरीब और मजदूर तबके से होते हैं और उनके दुखों को समझना समूचे सत्ता-तंत्र के लिए जरूरी नहीं होता है!

# रेरा रियल एस्टेट क्षेत्र में एक बड़ा परिवर्तन

हरदीप एस पुरी

**रेरा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मार्च, 2016 में संसद द्वारा कानून बनाने के साथ समाप्त नहीं हुई। हमने रेरा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट याचिकाओं की झड़ी का सामना किया। दिसंबर, 2017 में, लगभग 2 सप्ताह तक प्रतिदिन चलने वाली सुनवाई के बाद, माननीय बंबई उच्च न्यायालय ने कानून की संपूर्णता को बरकरार रखा, और रेरा की वैधता, आवश्यकता और महत्व के बारे में किसी भी दुविधा को समाप्तद कर दिया। रेरा सहकारी संघवाद में एक अत्य न्तध लाभदायक प्रयास है। हालांकि कानून का मार्गदर्शन केन्द्र सरकार ने किया है, लेकिन नियमों को राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित किया जाना है, और नियामक प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण भी उनके द्वारा नियुक्त किए जाने हैं। दूसरी ओर, विनियामक प्राधिकरणों को विवादों का निपटारा और परियोजना की जानकारी देने के लिए सूचनाप्रद वेबसाइट चलाने सहित रोजमर्रा के कार्यों को देखना जरूरी है।**

शहरी भारत और रियल एस्टेट क्षेत्र का इतिहास हमेशा दो चरणों में याद किया जाएगा-' रेरा पूर्व' और 'रेरा के बाद' उपभोक्ता संरक्षण मोदी सरकार के लिए विश्वास का एक विषय है। उपभोक्ता किसी भी उद्योग का आधार होते हैं, जिसके वृद्धि और विकास के केन्द्रा में उसके हितों की रक्षा होती है। पदभार संभालने के डेढ़ साल के भीतर, मोदी सरकार ने मार्च 2016 में रेरा लागू किया, जो एक दशक से अधिक समय से तैयार होने में लगा हुआ था। रेरा ने अब तक अनियंत्रित एक क्षेत्र में शासन प्रणाली को प्रभावित किया है। विमुद्रीकरण और वस्तु और सेवा कर कानूनों के साथ, इसने काफी हद तक रियल एस्टेट क्षेत्र से काले धन का सफाया किया है।

रेरा में परिवर्तनकारी प्रावधान हैं, जो बड़ी ईमानदारी से उन लोगों पर निशाना साधते हैं जो लगातार रियल एस्टेट क्षेत्र को नुकसान पहुंचा रहे थे। इस कानून में प्रावधान किया गया है कि किसी भी परियोजना को सक्षम अधिकारी द्वारा मंजूर परियोजना के नक्शा के बिना बेचा नहीं जा सकता है और नियामक प्राधिकरण में पंजीकृत परियोजना को झूठे विज्ञापनों के आधार पर बेचने की प्रथा को समाप्त किया जा सकता है। जिस काम के लिए ऋण स्वीकृत किया गया था, उनके अलावा अन्य उद्देश्यों / गतिविधियों के लिए धनराशि लगाने (फंड डायवर्जन) को रोकने के लिए प्रमोटरों को 'परियोजना आधारित अलग बैंक खाता' रखना आवश्यक है। 'कारपेट एरिया' के आधार पर यूनिट के आकार की अनिवार्य जानकारी देना चालबाजी और बेईमानी से उपभोक्तां को नुकसान पहुंचाने वाली व्यववस्थान की जड़ पर वार करती है। अगर प्रमोटर या खरीदार भुगतान नहीं कर पाता है तो ब्याज का समान दर पर भुगतान करने का प्रावधान है। कानून के अंतर्गत ऐसे कई अन्य प्रावधानों ने क्षेत्र में व्याप्तर अधिकार की असमानता में सुधार करते हुए उपभोक्ताओं को अधिकार सम्प न्न बना दिया है।

इस कानून पर समझौता बातचीत के इतिहास का तकाजा है कि किसी उचित समय में, इस कानून को पटरी से उतारने और इसे बनाने के लिए किए गए सभी असफल निर्लज्ज प्रयासों को सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। वर्षों के विचार-विमर्श के बाद, इस विधेयक को 2013 में यूपीए के कार्यकाल के दौरान



राज्यसभा में पेश किया गया था। 2013 के विधेयक और 2016 के कानून के बीच के स्परष्ट अंतर को उजागर करना आवश्यक है। इससे देश के घर खरीदारों के हितों की रक्षा में मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को समझने में मदद मिलेगी। 2013 के विधेयक में न तो 'चालू परियोजनाओं' और न ही 'वाणिज्यिक रियल एस्टेट' को शामिल किया गया था। परियोजनाओं के पंजीकरण की सीमा इतनी अधिक थी कि अधिकांश परियोजनाएं कानून के अंतर्गत आने से बच जाती थीं। इन अपवादों ने 2013 के विधेयक को निरर्थक बना दिया और यह वास्तव में घर खरीदारों के हितों के लिए अहितकर था। वर्ष 2014 में मोदी सरकार के गठन के बाद, अनेक हितधारकों के बीच परामर्श के साथ-साथ सम्पूर्ण रूप से एक समीक्षा की गई और उसके बाद 'चालू परियोजनाओं' और 'वाणिज्यिक परियोजनाओं' दोनों को विधेयक में शामिल किया गया। अधिकतर परियोजनाओं को कानून के दायरे में लाने के लिए परियोजनाओं के पंजीकरण की सीमा को भी कम कर दिया गया। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की दृढ़ता और धैर्य के बिना, रेरा कभी अस्तित्व में नहीं आ सकता था।

जब 2013 का विधेयक संसद में लंबित था, महाराष्ट्र राज्य में कांग्रेस सरकार ने 2012 में विधानसभा में चुपचाप अपना कानून बना लिया था, वर्ष 2014 के आम चुनाव से सिर्फ 2 महीने पहले उसने फरवरी 2014 में संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत राष्ट्रपति की सहमति ली। महाराष्ट्र में इसलिए रेरा लागू नहीं हुआ। केन्द्र और महाराष्ट्र में कांग्रेस के कार्यों की निंदा का सार्थक और स्पपष्टक प्रभाव पड़ा और केन्द्रप में तत्कालीन यूपीए सरकार की शासन कार्य प्रणाली की कड़ी निंदा हुई। संदेह उस समय और बढ़ गया जब दिखाई दिया कि राज्य कानून निश्चित रूप से उपभोक्ता के अनुकूल नहीं था। ऐसा इसलिए है क्योंकि यूपीए की रेरा को लागू करने की वास्तव में गंभीर इच्छा नहीं थी।

राजनीतिक लाभ के लिए, यूपीए ने संविधान के अनुच्छेद 254 के अंतर्गत मंजूरी देकर आम चुनावों से पहले, एक अधूरे और असम्वेद्ध कानून को लटका दिया। पार्टी का राज्यर विधेयक जिससे महाराष्ट्र के घर खरीदारों को स्थायी नुकसान हुआ होगा। मोदी सरकार ने रेरा की धारा 92 के राज्य कानून को रद्द करके इस विसंगति को ठीक किया। यह संविधान के उसी अनुच्छेद 254 के अंतर्गत नियम की सहायता लेकर किया गया था जो निरस्त करने की शक्तियाँ प्रदान करता है। यह इस तथ्य के बावजूद किया गया था कि महाराष्ट्र में अक्टूबर 2014 में सरकार बदल गई, जो अब भाजपा के नेतृत्व में थी। रेरा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता मार्च, 2016 में संसद द्वारा कानून बनाने के साथ समाप्त नहीं हुई। हमने रेरा की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली विभिन्न उच्च न्यायालयों में दायर रिट याचिकाओं की झड़ी का सामना किया। दिसंबर, 2017 में, लगभग 2 सप्ताह तक प्रतिदिन चलने वाली सुनवाई के बाद, माननीय बंबई उच्च न्यायालय ने कानून की संपूर्णता को बरकरार रखा, और रेरा की वैधता, आवश्यकता और महत्व के बारे में किसी भी दुविधा को समाप्तद कर दिया। रेरा सहकारी संघवाद में एक अत्य न्तध लाभदायक प्रयास है। हालांकि कानून का मार्गदर्शन केन्द्र सरकार ने किया है, लेकिन नियमों को राज्य सरकारों द्वारा अधिसूचित किया जाना है, और नियामक प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण भी उनके द्वारा नियुक्त किए जाने हैं। दूसरी ओर, विनियामक प्राधिकरणों को विवादों का निपटारा और परियोजना की जानकारी देने के लिए सूचनाप्रद वेबसाइट चलाने सहित रोजमर्रा के कार्यों को देखना जरूरी है। दूसरी तरफ, संवैधानिक अनुचित कार्य और खराब शासन के एक प्रत्यणक्ष उदाहरण में, पश्चिम बंगाल राज्य ने रेरा की अनदेखी करके और 2017 में अपना राज्य कानून - वेस्ट बंगाल हाउसिंग इंडस्ट्री रेगुलेशन एक्ट (डब्यूरधत बीएचआईआरए) बनाकर संसद के महत्वम को रौंद दिया।

भारत सरकार के अनेक प्रयासों के बावजूद, पश्चिम बंगाल राज्य ने रेरा को लागू करने से इनकार कर दिया, जिससे पश्चिम बंगाल के घर खरीदारों को अपूरणीय क्षति हुई। यह जानते हुए कि इस विषय पर पहले से ही एक केन्द्री य कानून मौजूद है, पश्चिम बंगाल सरकार ने 2017 में डब्ल्यूपबीएचआईआरए बनाया, और संविधान के अनुच्छेद 254 के तहत राज्य विधेयक के लिए भारत के माननीय राष्ट्रपति की मंजूरी की भी परवाह नहीं की। पश्चिम बंगाल द्वारा संवैधानिक सिद्धांतों की इस अवहेलना को एक जनहित याचिका (पीआईएल) के माध्यम से माननीय सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। मुझे विश्वास है कि जल्द ही, डब्यूबी बीएचआईआरए को असंवैधानिक बना दिया जाएगा और हमारे पास 'वन नेशन वन रेरा' होगा, जिससे पश्चिम बंगाल के घर खरीदारों को समान रूप से लाभ होगा। चूंकि मई 2017 में रेरा पूरी तरह से लागू हो गया था, 34 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने नियमों को अधिसूचित किया, 30 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों ने रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरणों की स्थापना की और 26 ने अपीलीय न्यायाधिकरणों की स्थापना की है। परियोजना के सम्बन्ध में पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने और परियोजना की जानकारी के लिए एक वेब-पोर्टल का परिचालन किया गया है जो रेरा का सार है। लगभग 60,000 रियल एस्टेचट परियोजनाएं और 45,723 रियल एस्टेट एजेंटों को नियामक प्राधिकरणों के साथ पंजीकृत किया गया है, जो खरीदारों को जानकारी के साथ बढ़िया विकल्प चुनने का मंच प्रदान करता है। उपभोक्ता के विवादों का निवारण करने के लिए 22 स्वतंत्र न्यायिक अधिकारियों को एक फास्ट-ट्रैक व्यावस्थाज के रूप में नियुक्त किया गया है, जहां 59,649 शिकायतों का निपटान किया जा चुका है। इसने साथ-साथ उपभोक्ता अदालतों का बोझ हलका किया है। रेरा, रियल एस्टेट सेक्टर के लिए है, जैसे सेबी शेयर बाजार के लिए है, जिसके लागू होने से यह क्षेत्र सेक्टर नई ऊंचाइयों को देख रहा है। जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, शहरी भारत और रियल एस्टेट क्षेत्र का इतिहास हमेशा दो चरणों में याद किया जाएगा, वह है 'रेरा पूर्व' और 'रेरा के बाद'।

**- लेखक केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सदस्य हैं।**

## चिंतन

# मानसिक रोगी और भारतीय कानून

डॉ. नाज परवीन

कुछ वर्षों पूर्व की बात है। एक महिला मैले-फटे कपड़ों में, बिखरे-उलझे गंदे बालों के साथ अपने एक हाथ में पत्थर लिए लोगों को डराती हुई अक्सर सड़क पर घूमती हुई नजर आ जाया करती थी। लोग उसे देख कर अपने बच्चों को घर के अंदर कर लेते थे। क्या पता, वह कब किसे घायल कर दे? कमर से चिपका उसका पेट जब उसकी भूख को बयां करता तो लोग डरते हुए दूर से ही खाना फेंक देते थे, जिसे वह, ह्यमार दूंगी' बोलते हुए चुपके से उठा लेती और अपने पेट की आग शांत कर लेती। कौन जाने, यह महिला कौन थी? उसके बारे में जानने की भला किसको जरूरत थी? वह कहां से आई है? कहां रहती है? बस मालूम था तो उसका एक नाम 'पगली' जो लोगों ने उसे दे दिया था। कुछ महीने बीतने के बाद उसके फटे कुर्ते से बाहर आता उसका पेट उसके आक्रोश को बयां कर रहा था। निःसंदेह उसे किसी ने अपनी हवस का शिकार बना लिया था। अक्सर स्टेशन और बस स्टैंड पर वह नजर आया करती। शायद लोगों को अपने नजदीक न आने देना, हाथ में हमेशा पत्थर लिए रहना, भीड़भाड़ वाले इलाके में खुद को सुरक्षित महसूस करना, इस महिला के दर्द की दास्तान बयां कर रहे थे जिसे किसी ने कभी सुनने-समझने की कोशिश न की। कुछ समय बाद पता चला कि उसने एक बेटे को जन्म दिया जिसे पुलिस ने सुरक्षित हाथों को सौंप दिया। वह पगली फिर उन सड़कों पर कभी नहीं दिखाई दी, शायद पुलिस की सहायता से वह भी किसी सुरक्षित स्थान पर पहुंच गई होगी। यह घटना अकेली नहीं है। आए दिन सड़कों पर ऐसे बदहवास बेसहारा लोग दिख जाते हैं



**कुछ महीने बीतने के बाद उसके फटे कुर्ते से बाहर आता उसका पेट उसके आक्रोश को बयां कर रहा था। नि:संदेह उसे किसी ने अपनी हवस का शिकार बना लिया था। अक्सर स्टेशन और बस स्टैंड पर वह नजर आया करती। शायद लोगों को अपने नजदीक न आने देना, हाथ में हमेशा पत्थर लिए रहना, भीड़भाड़ वाले इलाके में खुद को सुरक्षित महसूस करना, इस महिला के दर्द की दास्तान बयां कर रहे थे जिसे किसी ने कभी सुनने-समझने की कोशिश न की।**

जिन्हें देख कर लगता है कि ये किसी न किसी गंभीर मानसिक बीमारी से ग्रस्त हैं। हालांकि भारत सरकार समय-समय पर बने विभिन्न कानूनों के माध्यम से मानसिक रोगियों की मदद करने का प्रयत्न करती रही है। देश में ऐसे कई कानून हैं जिनसे मानसिक रोगियों को सुरक्षा प्रदान की गई है लेकिन जानकारी के अभाव में वे आज भी दर-दर भटकते रहते हैं; कभी समाज की अवहेलना का शिकार बनते हैं तो कभी अपनों की। मनोविकार, अवसाद, तनावपूर्ण जीवनशैली आदि मानसिक रोगों और रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा कर रहे हैं। कई वर्षों पहले ही विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने सतर्क किया था कि 2020 तक भारत की लगभग बीस प्रतिशत आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। हमेशा की तरह इस चेतावनी को भी हमने हल्के में लिया, जिसका परिणाम हम बढ़ते मानसिक रोगियों की संख्या के रूप में देख सकते हैं।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्तियों की देखभाल के लिए आजादी से पूर्व भी देश में कई कानून बने जैसे: भारतीय पागलखाना अधिनियम-1858, भारतीय पागलपन अधिनियम- 1912 आदि; लेकिन इन कानूनों का ज्यादा असर नहीं देखा गया। इन कानूनों में केवल पागलखाने में भर्ती मानसिक रोगियों पर ही चर्चा की गई थी और मानवाधिकार का पक्ष भी उपेक्षित था।

आजादी के बाद से भारत सरकार ने इस दिशा में कई सकारात्मक कदम उठाए। सर्वप्रथम, सरकार ने 1982 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनएमएचपी) की शुरूआत की, जिसका उद्देश्य देश में मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति को सुधारने के साथ-साथ इसके प्रति जागरूकता लाना भी था।

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं,

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति का इलाज,

पुनर्वास,

मानसिक स्वास्थ्य संवर्द्धन और रोकथाम।

इसके बाद, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 अस्तित्व में आया, यद्यपि इस अधिनियम में कई खामियां होने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। 1996 में जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम लाया गया, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को देश में प्राथमिक स्तर तक पहुंचाना रखा गया। वर्ष 2013 में विश्व स्वास्थ्य सभा ने 2013 से 2020 के लिए व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्य योजना को मंजूरी दी, जिसके माध्यम से विश्व स्वास्थ्य संगठन के सभी सदस्य देशों ने मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। वर्ष 2014 में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य नीति की घोषणा की गई। तत्पश्चात, मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम, 1987 की जगह वर्ष 2017 में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम, 2017 लाया गया। इस अधिनियम का मुख्य उद्देश्य मानसिक रोगों से ग्रस्त लोगों तक मानसिक स्वास्थ्य सुरक्षा और सेवा प्रदान करना है। इस अधिनियम में मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को कुछ महत्वपूर्ण अधिकार दिये गए हैं।

मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति के अधिकार

यह अधिनियम गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों को मुफ्त इलाज का अधिकार देता है। इस अधिनियम के द्वारा प्रत्येक व्यक्ति तक मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित की गई है।

अधिनियम मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति को गरिमा से जीवन जीने का अधिकार देता है ताकि लिंग, धर्म, संस्कृति, जाति, सामाजिक या राजनीतिक मान्यताओं, वर्ग या विकलांगता सहित किसी भी आधार पर भेदभाव न किया जा सके।

## राही चला चल



अपने ही पथ पर चला चल
ए राही रुक मत ना देख कहीं ,
संभल के जरा सा चला चल
लोग मिलेंगे तुझको कई जो
कमजोर करेंगे जो लक्ष्य तेरा
उन सब से बाहर निकल कर
बस चला चल।।
ईश्वर ने दिया है तुझे जीवन
उसमें सच्ची राह पकड़ कर
अपने जीवन का लक्ष्य समझ,
इन ढलती परिस्थितियों में
तप कर जब निखर जाएगा
तब जीवन में और मजा आएगा
बस चला चल।।
जो तेरा है वो लौट आएगा
बाकी सब यहीं झूट जाएगा
ले कर बस अपना ही असर
करना है तुझको जो भी वो
तू अपना काम तो कर ,
बस चला चल द्यद्य
गीता से लेकर ज्ञान प्रभु का
सत्कर्म के सहारे आगे बढ़ ,
परिभाषा है यही ज्ञान की
क्षमा दान की बात तू कर
अहंकारी मानव जीवन में
प्रभु प्रेम के रंग तू भर कर
बस चला चल।।

**प्रतिभा दुबे (स्वतंत्र लेखिका )**
**ग्वालियर मध्य प्रदेश**

## क्या करना अब दीदार



क्या करना अब दीदार
किया जब इंकार
मेरे यार टुकड़े-टुकड़े प्यार
कई बार.न सुझती अब राहें
न निकलती अब आहें
दर्द बढा कुछ ऐसा
हुआ बेशुमार मेरे यार
टुकड़े-टुकड़े....गम की परछाई
अब तो चिपक गईबिन बादल के .वर्षा बरस गई
दिखी इक चिंगारी
फिर अंधकार
मेरे यारटुकड़े-टुकड़े.....
कहां गये तेरे वादे
सहेजे थे बड़े इरादे
बिलख पड़ा मेरा दिल
जार-बेजारमेरे यार
टुकड़े-टुकड़े..क्या करना अब दीदार
किया जब इंकारमेरे यार टुकड़े-टुकड़े प्यार
**कई बार......**
**...राजेंद्र कुमार सिंह**

## अदाकारी की परिभाषा महज़बीं

# नमी सी आंख में है और होंठ भी भीगे हुए से हैं,

ये भीगा-पन ही देखो मुस्कुराहट होती जाती है÷। हौसलों का दामन थामें तो हर कोई ज़िंदगी गुज़ार लेता है पर दर्द का दामन थामें मुस्कुराते ज़िंदगी का दरिया पार करना कोई इनसे सीखें। अपनी जानदार अदाकारी से अदाकारी शब्द को बखूबी परिभाषित करती और संवादों पर राज करने वाली बेनमून शखूसीयत को कोई कैसे भूल सकता है। जिन्हें गए चार दशक से भी ज़?यादा बीत चुके हैं, पर उनके द्वारा बनाया गया मुकाम अब तक ओर कोई छू तक नहीं सका। कहाँ किसी लड़के से कम थी ये लड़की। जी हाँ हम बात कर रहे है फिल्म जगत की जानी मानी हस्ती महज़बीं उर्फ़ मीनाकुमारी के बारे में, जिनकी ज़िंदगी एक उपन्यास सी उतार-चढ़ाव से गुज़र कर बेवक्त ही मौत की गर्दिश में जा गिरी। मीना कुमारी का असली नाम महजबीं बानो था और ये बंबई में पैदा हुई थीं। उनके पिता अली बक्श पारसी रंगमंच के एक मँझे हुए कलाकार थे। उनकी माँ प्रभावती देवी भी एक मशहूर नृत्यांगना और अदाकारा थी। कहा जाता है कि दरिद्रता से ग्रस्त उनके पिता अली बक्श मीना कुमारी के पैदा होते ही अनाथाश्रम में छोड़ आए थे चूँकि वे उनके डॉक्टर श्रीमान गड्रे को उनकी फ़ीस देने में असमर्थ थे। हालांकि अपनी नवजात बच्ची से दूर जाते-जाते पिता का दिल भर आया और तुरंत अनाथाश्रम की ओर वापस चल पड़े।पास पहुंचे तो देखा कि नन्ही मीना के पूरे शरीर पर चीटियाँ रेंग रहीं थीं। अनाथाश्रम का दरवाज़ा बंद था, शायद अंदर सब सो गए थे। यह सब देख उस लाचार पिता की हिम्मत टूट गई,आँखों से आँसु बह निकले। झट से अपनी नन्हीं-सी जान को साफ़ किया और अपने दिल से लगा लिया।अली बक्श अपनी चंद दिनों की बेटी को घर ले आए। समय के साथ-साथ शरीर के वो घाव तो ठीक हो गए किंतु मन में लगे बदकिस्मती के घावों ने अंतिम सांस तक मीना का साथ नहीं छोड़ा। दर्द ओर गम कि मिशाल बन गई थी मीना कुमारी की ज़िंदगी। ज़िंदगी में मिलने वाले हर एक इंसान से धोखा खाने वाली मीना कुमारी की एक-एक शायरी, गज़ल और नज़्मो में वो सारी पीड़ा छलकती है। आज भी उनका लिखा हुआ एक एक शब्द पढ़ने वाले का दिल निचोड़ लेता है। और दुःख दर्द भुलाने की कोशिश में शराब की आदी होते महज चालीस साल की उम्र में महजबीं उर्फ मीना कुमारी खुद-ब-खुद मौत के मुँह में चली गईं। इसके लिए मीना के इर्द-गिर्द बसे कुछ स्वार्थी रिश्तेदार, कुछ कहने भर के चाहने वाले और कुछ उनकी दौलत पर नजर गढ़ाए बैठे वे लोग हैं, जिन्हें मीना कुमारी की अकाल मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।



**आर्थिक तंगी से बनीं बाल कलाकार**-मीना कुमारी को एक अभिनेत्री के रूप में, एक पत्नी के रूप में, एक प्यासी प्रेमिका के रूप में और एक भटकती-गुमराह होती हर कदम पर धोखा खाती स्त्री के रूप में देखना मतलब अदाकारी और कला से रूबरू होना। मीना कुमारी का परिवार आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। महजबीं को मात्र चार साल की उम्र में फिल्मकार विजय भट्ट के सामने उसके पिता ने खड़ा कर दिया था।इस तरह बीस फिल्में मीना कुमारी ने बाल कलाकार के रूप में न चाहते हुए भी की। मीना कुमारी को अपने पिता से नफरत सी हो गई और पुरुष का स्वार्थी चेहरा उसके जेहन में दर्ज हो गया। मीना कुमारी ने उससे हमदर्दी जताने वाले कमाल अमरोही के व्यक्तित्व में अपना सुनहरा भविष्य देखा। वह उनके नजदीक होती चली गईं। नतीजा यह रहा कि दोनों ने शादी कर ली पर यहाँ उसे कमाल अमरोही की दूसरी बीवी का दर्जा मिला। दोनों की शादीशुदा जिंदगी करीब दस साल तक एक सपने की तरह चली।पर संतान न होने की वजह से उनके संबंधों में दरार आने लगी और फिल्म फूल और पत्थर के नायक धर्मेन्द्र से मीना कुमारी की नजदीकियाँ।बढ़ने लगीं। धर्मेन्द्र का करियर डाँवाडोल चल रहा था। उन्हें मीना का मजबूत आँचल थामने में अपनी सफलता महसूस होने लगी। धर्मेन्द्र ने मीना कुमारी की अंधेरी जिंदगी को प्यार की रोशनी से भर दिया। कई तरह के गॉसिप और गरमा-गरम खबरों से फिल्मी पत्रिकाओं के पृष्ठ रंगे जाने लगे। इसका असर मीना-कमाल के रिश्ते पर भी हुआ। अशोक कुमार मीना कुमारी के साथ अनेक फिल्में कर चुके थे। एक कलाकार का इस तरह से सरे आम मौत को गले लगाना उन्हें रास नहीं आया। वे होमियोपैथी की छोटी गोलियाँ लेकर इलाज के लिए आगे आए। लेकिन जब मीना का यह जवाब सुना %दवा खाकर भी मैं जीऊँगी नहीं, यह जानती हूँ मैं। इसलिए कुछ तम्बाकू खा लेने दो। शराब के कुछ घूँट गले के नीचे उतर जाने दो तो वे भीतर तक काँप गए यही बात साबित करती है कि मीना कुमारी ज़िंदगी से कितनी तंग आ चुकी होगी। मीना कुमारी की आख़री फ़िल्म पाकिज़ा थी 1956 में शुरू हुई पाकीजा 4 फरवरी 1972 को रिलीज हुई और 31 अगस्त 1972 को मीना इस फ़ानी दुनिया को अलविदा कहते चल बसी। तमाम बंधनों को पीछे छोड़ चल दी बादलों के पार अपने सच्चे प्रेमी और अच्छे इंसानों की तलाश में। पाकीजा सुपरहिट रही पर अपनी उस कामयाबी और फ़न को देखने के लिए महज़बीं ज़िंदा नहीं थी। उस फ़िल्म से कमाल अमरोही का नाम भी आसमान छूने लगा। और ट्रेजेडी क्वीन के नाम से मीना कुमारी भी अमर हो गईं। पर महज़बीं ने बचपन से लेकर मौत तक जद्दोजहद करके नाम तो बहुत कमाया मगर अस्पताल का अंतिम बिल चुकाने लायक भी पैसे नहीं थे उस तन्हाई की मूरत के पास। उस अस्पताल का बिल अदा किया वहाँ के एक डॉक्टर ने, जो मीना कुमारी का जबरदस्त प्रशंसक था। मीना कुमारी की ज़िंदगी कैसी भी रही हो पर उनकी खुमारी, अदाकारी और दर्द सहने की इन्तेहा हमें उनके प्रति नतमस्तक कर जाती है।

**(भावना ठाकर, बेंगुलूरु)प्रभावु**

दैनिक पुष्पांजली टुडे



# अब शर्लिन चोपड़ा ने लगाए साजिद खान पर यौन उत्पीड़न करने के आरोप



दिवंगत एक्ट्रेस जिया खान की बहन करिश्मा के बाद अब शर्लिन चोपड़ा ने डायरेक्टर साजिद खान पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। शर्लिन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर बताया कि 6 साल पहले उनकी मुलाकात साजिद खान से हुई थी। तब इस मुलाकात के दौरान साजिद ने उनके सामने अश्लील हरकतें की थीं।

शर्लिन चोपड़ा ने पोस्ट शेयर कर बताया कि "पिता की मौत के कुछ दिनों बाद में अप्रैल 2015 में साजिद से मिली थी। तब उन्होंने मेरे सामने अश्लील हरकतें की थी। मुझे याद है कि तब मैंने उनसे कहा था कि मुझे पता है कि वो क्या चाहते हैं और मेरा उनसे मिलने का उद्देश्य ऐसा कुछ करना नहीं है। इस पोस्ट के बाद भी शर्लिन ने सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर कर साजिद पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने अपने इन पोस्ट में बॉलीवुड माफिया का भी जिक्र किया है।एक पोस्ट में शर्लिन ने लिखा, एक महत्वाकांक्षी अभिनेत्री को फिल्म में काम दिलाने के बहाने बुलाकर उसे गलत जगह छूने के लिए मजबूर करना, क्या स्वीकृत है? ये लोग क्यों कलाकारों को फिल्मी प्रलोभन देकर अपनी स्वार्थ सिद्धि करते हैं?

दूसरे पोस्ट में शर्लिन ने लिखा, अगर आप जॉनी सिन्स बनना चाहते हो, तो बेशक बनो, लेकिन फिल्मों में काम दिलाने के बहाने लड़कियों को बुलाकर उनके साथ अश्लील हरकतें करना ये कहां की सभ्यता है? शर्लिन ने अपने इस पोस्ट में साजिद को सोशल मीडिया पर टैग भी किया है।

## करिश्मा ने भी लगाए साजिद पर यौन उत्पीड़न के आरोप

हाल ही में शर्लिन से पहले करिश्मा ने साजिद पर जिया और उनके साथ यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। दिवंगत एक्ट्रेस जिया खान की जिंदगी पर बनी डॉक्युमेंट्री 'डेथ इन बॉलीवुड' के दूसरे एपिसोड में जिया की बहन करिश्मा ने डायरेक्टर साजिद खान पर एक्ट्रेस के साथ सेक्शुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया है। करिश्मा के मुताबिक, अपने साथ हुए इस दुर्व्यवहार के बाद जिया घर आकर खूब रोई थीं। इतना ही नहीं, करिश्मा के मुताबिक साजिद ने उनका फायदा उठाने की कोशिश भी की थी।

## हैरेसमेंट के बावजूद करना पड़ा काम

करिश्मा ने आगे बताया, उसने कहा- 'मेरा करार है और अगर मैं फिल्म छोड़ दूंगी तो वे मेरे खिलाफ केस कर देंगे और मुझे बदनाम करेंगे। लेकिन अगर फिल्म करती हूं तो मेरा सेक्शुअल हैरेसमेंट होगा। यह हर हाल में कुछ खोने की स्थिति है।' इसलिए उसने वह फिल्म की।

## मुझे भी मारने की कोशिश की थी: कंगना

डॉक्युमेंट्री की वायरल क्लिप पर कंगना रनोट ने स्ट्रॉन्ग रिएक्शन दिया। उन्होंने लिखा, उन्होंने जिया को मार दिया, उन्होंने सुशांत को मार दिया और उन्होंने मुझे भी मारने की कोशिश की। लेकिन वे माफिया के फुल सपोर्ट के कारण खुले घूम रहे हैं। साल-दर-साल मजबूत और सफल होते जा रहे हैं। जान लीजिए कि दुनिया इतनी आदर्शवादी नहीं है। या तो आप शिकारी हैं या फिर शिकार। कोई आपको नहीं बचाएगा। आपको खुद को बचाना होगा।

## 'हाउसफुल' में किया था काम

जिया ने साजिद खान के साथ अक्षय कुमार, रितेश देशमुख, दीपिका पादुकोण और लारा दत्ता स्टारर 'हाउसफुल' में काम किया था। इस फिल्म की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक्ट्रेस ने मजाक में कहा था, साजिद क्या मैं तुम्हारे बारे में गलत बोल सकती हूं। वे अब तक के सबसे खराब डायरेक्टर हैं, जिसके साथ मैंने काम किया है।

# 150 करोड़ पार विजय की मास्टर कोरोना काल की पहली ब्लॉक बस्टर



तमिलनाडु में कुछ ही थिएटर्स में विजय की फिल्म मास्टर को 100 प्रतिशत आक्युपेंसी के साथ रिलीज किया गया था। को-प्रोड्यूसर ललित कुमार ने दांव लगाया तो पुलिस ने उन थिएटर मालिकों पर केस भी दर्ज किया जिन्होंने फुल स्ट्रेंथ के साथ नियमों का उल्लंघन किया। अब इसका फायदा फिल्म के ब्लॉक बस्टर कलेक्शन से मिल रहा है। विजय की फिल्म 150 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है।

साउथ में ही रहा ज्यादा जलवा

विजय की यह पांचवीं फिल्म है, जिसने 150 करोड़ का आंकड़ा छुआ है। स्टेट वाइज कलेक्शन की बातें करें तो पहले हफ्ते में तमिलनाडु में ही अकेले 96 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया। इसके अलावा आंध्रप्रदेश में 24 करोड़, कर्नाटक में 14 करोड़ और नॉर्थ इंडिया में महज 5 करोड़ का ही कलेक्शन कर पाई।बात ओवरसीज की करें तो ओवरसीज ओपनिंग वीकेंड कलेक्शन 4.6 मिलियन डॉलर का कलेक्शन रहा।फिल्म मास्टर को मेकर्स ने अब डिजीटल प्लेटफॉर्म पर भी रिलीज करने का फैसला किया है। ट्रेड एनालिस्ट सुमित कदेल के अनुसार मास्टर अमेजन प्राइम पर वैलेंटाइन वीक के दौरान 12 फरवरी को रिलीज होगी। यह ठीक उसी तरह है जैसे रवि तेजा की फिल्म क्रैक के थिएटर और डिजीटल रिलीज के बीच करीब एक महीने का गैप रहा। क्रैक 29 जनवरी को डिजीटल रिलीज हो रही है।

बात अगर फिल्म के कास्ट की करें तो फिल्म में मालविका मोहनन, अर्जुन दास, एंड्रिया जेरेमिया और शांतनु भाग्यराज लीड रोल में हैं। अनिरुद्ध रविचंदर के म्यूजिक वाली फिल्म 2021 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है।

# बॉडीगार्ड शेरा संग सरदार के लुक में दिखे दबंग सलमान खान



सलमान खान ने सरदारजी के लुक में अपने बॉडीगार्ड शेरा के साथ इंस्टाग्राम पर फैन्स के साथ तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में सलमान का दाढ़ी बढ़ी हुई नजर आ रही है और सिर पर उन्होंने पगड़ी रखी है। कुछ ऐसा ही लुक शेरा का भी नजर आ रहा है। सलमान खान की इस तस्वीर को कुछ मिनटों में ही डेढ़ लाख से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। सलमान खान की इस तस्वीर को फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। कई लोगों ने कॉमेंट में आग वाली इमोजी पोस्ट की है।'दबंग' एक्टर सलमान खान अकसर फैन्स के साथ अपनी तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। यही नहीं शेरा के साथ भी वह अकसर अपनी फोटो डालते हैं। सलमान खान अपनी आने वाली फिल्म 'अंतिम' में भी सरदार जी के लुक में नजर आने वाले हैं। इस मूवी का टीजर पिछले दिनों रिलीज हुई थी।

# जॉन अब्राहम का डबल धमाका सत्यमेव जयते-2 होगा जॉन का डबल रोल



सत्यमेव जयते2 में जॉन अब्राहम के ट्रिपल रोल में होने की खबर थी। लेकिन हकीकत कुछ और है। सेट पर मौजूद सूत्रों ने बताया कि फिल्म में जॉन अब्राहम का डबल रोल है। एक रोल में वे सोशल एक्टिविस्ट के तौर पर दिखाई देंगे। वहीं, दूसरे रोल में वे दुश्मनों को ठिकाने लगाते नजर आएंगे। इस तरह जॉन यहां सत्याग्रह और हिंसा दोनों के जरिए भ्रष्टाचार करने वालों को सबक सिखाएंगे। मेकर्स ने यहां सोशल एक्टिविस्ट जॉन के जरिए उन्हें अलग रूप में तो दिखाया है ही, जॉन के एक्शन अवतार को भी फिल्म में रखा गया है।

## 10-12 किलो वजन कम किया

सूत्र आगे बताते हैं कि एक्शन को प्रामाणिक दिखाने के लिए जॉन ने लीन फिजिक रखा है। इसके लिए उन्होंने अपना वजन में 10 से 12 किलो तक कम किया है। हवा-हवाई एक्शन भी बहुत है। पहले पार्ट में जॉन ने ट्रक का टायर फाड़ा था। यहां वे बाकायदा ट्रकों और ट्रैक्टरों के साथ एक्शन करते नजर आएंगे। 50 गुर्गों के साथ उन्हें भिड़वाया गया है।

## क्लाइमैक्स के एक्शन की लेंथ बढ़ाई

क्लाइमैक्स के एक्शन की लेंथ बढ़ाई गई है। इसकी शूटिंग पिछले एक पखवाड़े से मुंबई में चल रही है, 21 जनवरी को पूरी होगी। लखनऊ शेड्यूल में भी काफी एक्शन सीक्वेंस शूट की गई हैं। खासकर मलीहाबाद के खेतों में एक्शन फिल्माया गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि शूटिंग देखने पहुंचे लोग जॉन को लीन फिजिक में देखकर काफी खुश थे। इससे जाहिर है कि सिनेमाघरों में लोगों को जॉन का नया अवतार काफी आकर्षित करेगा।

# बायोपिक में काम करना बड़ी चुनौती : उर्वशी



बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला जल्द ही वास्तविक जीवन पर आधारित (बायोपिक) फिल्म में नजर आएंगी। अभिनेत्री का कहना है कि अभिनेताओं के लिए सबसे ज्यादा चुनौती भरा काम बायोपिक में काम करना है। उर्वशी वेब सीरीज, 'इंस्पेक्टर अविनाश' में रणदीप हुड्डा की पत्नी के रूप में नजर आएंगी। थ्रिलर सीरीज पुलिस अधिकारी अविनाश मिश्रा के जीवन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है।

उर्वशी ने कहा, मैं रणदीप हुड्डा के किरदार की पत्नी पूनम मिश्रा की भूमिका निभा रही हूं। बायोपिक्स अभिनेताओं के लिए एक बड़ी चुनौती होती है, क्योंकि उन्हें कुछ भी नहीं करने के बजाय, स्क्रीन पर एक वास्तविक व्यक्ति के एक संस्करण को चित्रित करना होता है।

# कंगना के अकाउंट पर ट्विटर ने लगाया अस्थायी प्रतिबंध बोलीं- जीना हराम कर दूंगी



एक्ट्रेस कंगना रनौत के ट्विटर अकाउंट को अस्थायी रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। खुद कंगना रनौत ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। कंगना रनौत ने लिखा है, 'लिबरल्स के ट्रेंड करने के चलते मेरा अकाउंट अस्थायी रूप से प्रतिबंधित हो गया है। वे लोग मुझे चेतावनी दे रहे हैं कि मेरा अकाउंट कभी भी देश के लिए शहीद हो सकता है। मेरा नया देशभक्त वर्जन जल्दी ही मेरी फिल्मों के जरिए आने वाला है। तुम्हारा जीवन दुश्वार करके रहूंगी।' यही नहीं कंगना रनौत ने एक और ट्वीट में लिखा है, यदि मेरे अकाउंट को वर्चुअली सस्पेंड किया गया तो रीयल वर्ल्ड में आपको देखने को मिलेगा कि कंगना रनौत सब की मां है।'अब तक 26 हजार से ज्यादा लोग इसे लेकर ट्वीट कर चुके हैं। कंगना रनौत अकसर सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर मुखरता से अपनी राय रखती रही हैं।हाल ही में उन्होंने किसान आंदोलन को लेकर कई बार टिप्पणियां की थीं, जिसके चलते पंजाबी स्टार दिलजीत दोसांझ से उनकी तीखी झड़प हुई थी। इससे पहले सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद भी उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में वंशवाद को लेकर खुलकर अपनी राय रखी थी। इसके चलते भी उनकी फिल्म इंडस्ट्री की कई हस्तियों से तीखी बहस हुई थी।अपने फायरब्रांड ट्वीट्स के अलावा कंगना रनौत सोशल मीडिया के जरिए ही अपनी फिल्मों के बारे में भी जानकारी देती रही हैं। बता दें कि कंगना रनौत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट पर बैन लगाए जाने के खिलाफ ट्वीट किया था। उन्होंने ट्विटर के सीईओ जैक दोर्जी पर इसके लिए निशाना साधा था।गौरतलब है कि कंगना रनौत ने 'मणिकर्णिका रिटर्न्स' के नाम से नई फिल्म बनाने का ऐलान किया है। यह मूवी जम्मू-कश्मीर की 10वीं सदी की रानी दिद्दा पर बनेगी। इससे पहले झांसी की रानी पर बनी फिल्म मणिकर्णिका में कंगना रनौत लीड एक्ट्रेस के तौर पर नजर आई थीं।

दैनिक पुष्पांजली टुडे



## न्यूज. ब्रीफ

### दबंगों की दबंगई से व्यक्ति परेशान, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) रविन्द्र कुमार पुत्र दयाराम निवासी पण्डवाहा ने कोतवाली प्रभारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि राजकुमार पुत्र जगन , जगन पुत्र दमरु, सुनीत पुत्री जगन, श्रीमती रामसखी पत्नी जगन निवासी उल्दन के द्वारा बिना वजह गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से कठिन से कठिन कानूनी कार्यवाही करने की माँग की । जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

### अभद्रता के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

मऊरानीपुर (झाँसी) लालाराम पुत्र किदारी कुशवाहा निवासी देवरी सिंहपुरा ने कोतवाली प्रभारी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि अमर पुत्र गोबिन्द दास , पप्पू उर्फ कालिया पुत्र गोबिन्द दास , करन पुत्र जयराम, मुरारी पुत्र भग्गी कुशवाहा निवासी मुहल्ला गंज रानीपुर के द्वारा बिना वजह गाली गलौच करते हुये मारपीट की गयी। प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से कठिन से कठिन कानूनी कार्यवाही करने की माँग की । जिस पर कोतवाली पुलिस ने मामला धारा 323, 504 आईपीसी के तहत पंजीकृत कर लिया।

### सडक दुर्घटना में चार घायल

मऊरानीपुर (झाँसी) सडक दुर्घटना में चार व्यक्ति घायल हो गये। प्राप्त विवरण में जितेन्द्र (19) पुत्र कमलेश निवासी लहचूरा, राहुल (21) पुत्र राजकुमार निवासी मैलोनी, हदेश (18) पुत्र छत्रपाल निवासी गुडा, मुन्ना (40) पुत्र बब्लू निवासी इमलौटा को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। जितेन्द्र एवं हदेश की हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पिया

मऊरानीपुर (झाँसी) व्यक्ति ने विषाक्त पदार्थ पी लिया। प्राप्त विवरण में प्रमोद (21) पुत्र राजू निवासी बरौनी को प्राथमिक उपचार के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया। हालत में सुधार न होने पर झाँसी रिफर कर दिया गया।

### शोकसभा

मऊरानीपुर (झाँसी) नगर मऊरानीपुर के दैनिक जनता यूनियन कार्यालय पर एक शोकसभा पत्रकार सौरभ भार्गव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। जिसमें मुहल्ला अल्याई निवासी घनश्याम दास अग्रवाल मास्टर साहब दवाई वाले के बडे सुपुत्र व सुधीर अग्रवाल के भाई सुनील अग्रवाल के आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। इस मौके पर नरेन्द्र दमेले, जगदीश श्रीवास, भगवत नारायण मोर, सन्तोष श्रीवास, अनुज श्रोत्रिय , प्रमोद सैनी, लकी खान, रोहित सेन आदि लोग उपस्थित रहे। वही नगर काँग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष जगदीश प्रसाद वर्मा की अध्यक्षता में एक शोकसभा सम्पन्न हुयी। जिसमें काँग्रेस पार्टी के नेता सुबराती राईन के आकस्मिक निधन हो जाने पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा को शान्ति प्रदान की गयी। इस मौके पर अशोक कुमार गुप्ता, मनोज कुमार चतुर्वेदी, हनीफ मलिक, रमेश चन्द्र राय, किदारी लाल शर्मा, सुनील कुमार दुबे, सुरेश नगाइच, जलालउद्दीन जलाल, विनोद अहिरवार, प्रभा देवी अग्रवाल, मथुरा देवी कुशवाहा, नफीस सौदागर, जयप्रकाश खरे, ब्रहमदत्त सोनी, शंकर लाल कुशवाहा, सन्तोष खटीक, ठाकुरदास अहिरवार, मीना आर्य, इरशाद खान सिंटी आदि काँग्रेस जन उपस्थित रहे।

ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स ने 2021 की रैंकिंग जारी की

# दुनिया भर में हमारी सेना चौथी सबसे ताकतवर

नई दिल्ली ■ ब्यूरो

दुनियाभर के 138 देशों की सैन्य ताकत का लेखा-जोखा बताने वाले ग्लोबल फायर पावर इंडेक्स ने 2021 की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारत पिछली रैंकिंग बरकरार रखते हुए चौथे स्थान पर है। पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर अमेरिका, रूस और चीन हैं। सबसे बड़ा उलटफेर पाकिस्तान ने किया है।

पिछले साल 15वीं रैंक पर रहा पाकिस्तान पांच पायदान की छलांग लगाकर टॉप-10 में शामिल हो गया है। टॉप-15 देशों में पाकिस्तान एकमात्र देश है, जिसकी रैंकिंग बढ़ी है। पाकिस्तान में बढ़ती महंगाई और रोजमर्रा की चीजों के बढ़ते दामों के बीच सेना की यह तेजी बताती है कि पड़ोसी देश ने जनता को उसके हालात पर छोड़कर सिर्फ सेना की ताकत बढ़ाई है।



अहम तथ्य यह भी है कि पाकिस्तान ने इजराइल, कनाडा, ईरान और इंडोनेशिया को पीछे छोड़ा है। यह रैंकिंग 50 फैक्टर्स पर बनाई जाती है। इसमें सैन्य ताकत से लेकर वित्तीय, लॉजिस्टिकल क्षमता, विकास की स्थिति और भौगोलिक ताकत शामिल है। यह रैंकिंग ऐसे समय आई है, जब भारत का अपने पड़ोसियों चीन और पाकिस्तान के साथ तनाव चरम पर है। भारत के सामने टू फ्रंट वॉर का खतरा मंडरा रहा है। हाल ही में चीन और पाकिस्तान की वायुसेना ने भारत के राफेल फाइटर जेट को मार गिराने का संयुक्त अभ्यास किया था।

रिटायर्ड मेजर जनरल पीके चक्रवर्ती के मुताबिक, यह रैंकिंग तकनीकी कौशल और डिजिटलीकरण के बजाय सिर्फ संख्या के आधार पर बनाई गई है। आर्थिक प्रतिबंधों के बावजूद पाकिस्तान चीन से बेतहाशा हथियार खरीद रहा है। इनमें जेएफ 17 फाइटर जेट, पनडुब्बी, टैंक, गन और मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर शामिल हैं।

पाकिस्तान का घोषित रक्षा बजट 92,500 करोड़ रुपए (12.5 अरब डॉलर) है। यह उसकी जीडीपी का 3.98% है, जो बहुत ज्यादा है। चीन ही उसे न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी देने के साथ इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर करने में मदद कर रहा है। इन सबके चलते बड़ी भारी फौज और पैरामिलिट्री इकट्ठा कर चुका पाकिस्तान अन्य देशों को रैंकिंग में मात दे पाया है। पाकिस्तान की कोशिशों से भारत अच्छी तरह से वाकिफ है। इसीलिए दोहरे मोर्चे पर लड़ने के हिसाब से ही भारत अपनी तैयारी कर रहा है।

## घाटी में आंतकियों के मददगारों पर सेना और पुलिस का कड़ा प्रहार

श्रीनगर। कश्मीर में सुरक्षाबलों की तरफ से आतंकियों की मदद लाइन को तोड़ने का काम जारी है। इस क्रम में इस साल के जनवरी माह में अब तक एक दर्जन से अधिक आतंकियों के मददगारों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो कि आतंकियों को मदद पहुंचाने का काम करते थे। इसी माह सुरक्षाबलों की तरफ से आतंकी ठिकानों को भी बरामद किया गया। इसमें एक ठिकाना ऐसा था, जिसे रिहायशी इलाके में बनाया गया था। आतंकी घटना करने के बाद इस ठिकाने का इस्तेमाल करते थे।पिछले साल आतंकियों के खिलाफ मिली कामयाबी को देखकर इस साल सुरक्षाबलों की तरफ से नए प्लान पर काम किया जा रहा है। जिसमें सभी जिलों के पुलिस अफसरों को आदेश दिया गया है कि वह अपने जिलों में आतंकियों के मददगारों के खिलाफ कार्रवाई करे। इन मददगारों की पहचान करके उन्हें गिरफ्तार किया जाए। जोकि आतंकियों के लिए काम कर रहे है। इस ऑपरेशन के शुरू होने के बाद पूरे कश्मीर में इसपर काम किया जा रहा है। ताकि आतंकियों की मदद करने वालों को गिरफ्तार किया जा सके। इनके गिरफ्तार होने से आतंकियों को मदद मिलना बंद हो जाएगा। जिससे की आतंकियों को रहने की जगह मिलने के अलावा सूचनाएं पहुंचाना बंद हो जाएगा।

पुलिस के आला अधिकारियों का कहना है कि कश्मीर के हर जिले में आतंकियों के मददगारों की लिस्ट बनाई जा रही है। इन लोगों पर नजर रखकर सबूतों के साथ गिरफ्तार किया जा रहा है। बता दे कि आतंकियों के मददगारों को पैसे मिलते है। जिसके बदले में वह आतंकियों के लिए खाने पीने, हथियारों की सप्लाई, रहने की जगह, सुरक्षाबलों की सूचनाएं देने का काम करते है। इससे आतंकियों को हमले करने में मदद मिलती है। वह जंगल या फिर अपने ठिकानों में रहते हुए भी जानकारी से अपडेट रहते हैं।



## बुप्राशिसं की हुयी बैठक, संतोष शर्मा बनाये गये ब्लॉक संगठन मंत्री

**मऊरानीपुर (झाँसी)** बुन्देलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई मऊरानीपुर की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरुप पाल के आवास पर आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष महेश चन्द्र जगरिया ने की। बैठक में ब्लॉक कार्य कारिणी में सक्रिय पदाधिकारियों और शिक्षकों ने ब्लॉक संगठन मंत्री के पद पर संतोष शर्मा स. अ. प्रा. वि. चिमदवारा ब्लॉक मऊरानीपुर को मनोनीत किया गया। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष रामस्वरुप पाल ने कहा कि संगठन हमेशा ऊर्जावान और सक्रिय शिक्षकों का समूह होना चाहिये न कि स्वार्थ लोगों की भीड। पाण्डव पाँच हमें स्वीकार । सौ कौरव धरती के भार। बैठक में कोषाध्यक्ष विक्रम रुसिया ने सभी शिक्षकों से अपने- अपने विधालयों में बेहतर काम करने के लिये कहा। सभी पदाधिकारियों ने अपने -अपने विचार प्रस्तुत किये। और संगठन को मजबूत बनाने के लिये सक्रिय रहना अत्यन्त आवश्यक बताया। बैठक में अजय सिंह परिहार, पंकज पाठक, बृर्जेन्द्र सेंगर, प्रीतिपाल, जहीर खान, पुष्पेन्द्र तिवारी, ध्रुव रावत, कृष्णपाल सिंह परिहार, राघवेन्द्र शर्मा, नीरज शर्मा, देवेन्द्र पिपरैया, मोहित मिश्रा, महेश वर्मा, रवि पाल आदि मौजूद रहे। अन्त में गोबिन्द निरंजन महामंत्री ने सभी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। और मनोनीत ब्लॉक संगठन मंत्री संतोष शर्मा का सभी ने माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। बैठक का संचालन रवि, पुष्पा आर्य ने किया।

## पार्क घूमने गयी छात्राओं के साथ मनचलों ने की छेड़खानी, छात्राओं ने जमकर ली मनचलों की क्लास



**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर मऊरानीपुर में अपराध रुकने का नाम नही ले रहे है। दिन प्रतिदिन एक के बाद एक घटनायें नगर मऊरानीपुर में घट रही है। जिससे नगरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है। इसी प्रकार का एक मामला तब सामने आ गया जब बीते सुबह महावीर स्वामी उधान पार्क में घूमने टहलने गयी छात्राओं के साथ मनचलों के द्वारा छेडखानी जैसी घटना को अंजाम देना मनचले को महँगा पड गया। जिसमें छात्राओं के द्वारा जमकर मनचले की खबर ली गयी। जिसमें सूत्रों द्वारा बताया गया कि लगभग एक घण्टे तक पार्क के बाहर सडक पर मनचलों की छात्राओं ने जमकर धुनाई के साथ क्लास ली। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गयी। इस प्रकार के मनचलों की ओर पुलिस प्रशासन क्यों अपना ध्यान आकृष्ट करने से परे देखा जा रहा है। आखिर में महिला डेस्क के बनने के बाद भी नगर में मनचलों के हौसले काफी बुलन्द देखे जा रहे है। इस प्रकार की गम्भीर स्थिति की ओर कोतवाली पुलिस को शीघ्र अतिशीघ्र ध्यान आकृष्ट करना चाहिये। जिससे मनचलों में पुलिस का खौफकायम देखा जा सके।

## वाँछित चल रहे दो अभियुक्तगणों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



मऊरानीपुर (झाँसी) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी दिनेश कुमार पी के कुशल निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे जनपदीय अभियान के क्रम में स्थानीय थाना पर पंजीकृत धारा 376 डी, 504 आईपीसी में वांछित अभियुक्त टरी कुशवाहा पुत्र शिवदयाल कुशवाहा निवासी भकौरा को अभियुक्त के घर में दबिश देकर पकडा गया। एवं 2/3 गैगस्टर एक्ट के अभियुक्त बोगी पाल पुत्र भगवान दास निवासी ग्राम बम्हौरी सुहागी थाना मऊरानीपुर को बम्हौरी सुहागी जाने वाले रास्ते में गिरफ्तार किया गया। जिसमें अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तारी टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, रानीपुर चौकी प्रभारी विनोद कुमार सिंह , हेड कॉन्सटेविल मुकेश सिंह, कॉन्सटेविल आनन्द प्रकाश, प्रशान्त सिंह रहे।

## पुलिस ने की दो पहिया वाहन चैकिंग, चालकों में मचा रहा हडकम्प

मऊरानीपुर (झाँसी) कोतवाली पुलिस से रानीपुर चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बस स्टैण्ड रानीपुर पर दो पहिया वाहनों की संघन चैकिंग की गयी। चैकिंग को लेकर वाहन चालकों में हडकम्प की स्थिति देखी गयी। लोग इधर उधर से अपने वाहनों को निकालकर बचते हुये नजर आये। जिसमें दो पहिया वाहन चला रहे चालकों के वाहन के कागज, हैलमेट आदि देखे गये। वही बिना कागज व हैलमेट के चला रहे वाहन चालकों को जागरुकता का पाठ पढाया गया। जिससे जागरुक होकर अपनी सुरक्षा अपने हाथ में रखे। वही यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी दी गयी। इस मौके पर रानीपुर चौकी स्टाफमौजूद रहा।

## गुमशुदा बालक को पुलिस ने खोजकर किया परिजनों को सुपुर्द

मऊरानीपुर (झाँसी) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी दिनेश कुमार पी के कुशल निर्देशन व पुलिस अधीक्षक ग्रामीण नेपाल सिंह एवं क्षेत्राधिकारी मऊरानीपुर अभिषेक कुमार राहुल के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मऊरानीपुर के दिशा निर्देशन में वर्ष 2020 गुमशुदा/ अपर्हत हुये बालक विपिन कुमार विश्वकर्मा पुत्र बैजनाथ विश्वकर्मा उम्र 16 वर्ष निवासी बडागाँव, मऊरानीपुर सकुशल बरामद कर उनके परिवारजनों के सुपुर्द किया गया। बरामद करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक विपिन कुमर द्विवेदी, कॉस्टेविल विवेक सिंह, सुमितधर द्विवेदी रहे।

## क्रिकेट टूर्नामेन्ट का फीता काटकर किया गया उद्घाटन

**मऊरानीपुर (झाँसी)** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम भदरवारा में जय माँ भद्रकाली क्रिकेट एसोशिएयन के द्वारा क्रिकेट टूर्नामेन्ट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके मुख्य अतिथि के रुप में आर. के. अहिरवार पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा व विशिष्ट अतिथि साबिर खान रहे। अध्यक्षता ब्रजबिहारी राज के द्वारा की गयी। टूर्नामेन्ट का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन कर की गयी। इसी के चलते समिति ने अतिथियों का माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया । इसी के चलते मुख्य अतिथि आर. के. अहिरवार पूर्व जिलाध्यक्ष बसपा ने अपने सम्बोधन में समस्त खिलाडियों का अभिभावन किया। और साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल को महत्वपूर्ण बताया। जिससे ग्रामीण लोग खेलों से जागरुक रहे। इस मौके पर रोशन कुशवाहा, किशोरी लाल श्रीवास बाबू जी, राकेश श्रीवास, बृजेश सुमन आदि लोग मौजूद रहे।



## मकान में लगी आग, सामान जलकर हुआ खाक

**मऊरानीपुर (झाँसी)** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले ग्राम रुपाधमना के एक परिवार में तब कोहराम मच गया। जब उसके मकान में अचानक से आग पकड गयी। आखिर में आग कैसे लगी ,ये चर्चा का विषय बन गया। वही मकान का मालिक शंकर लाल पुत्र अमान निवासी ग्राम रुपाधमना को किसी अज्ञात व्यक्ति पर संदेह बताया गया। जिसके चलते उसके द्वारा कोतवाली प्रभारी मऊरानीपुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया गया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके मकान में गत रात्रि लगभग 1 बजें के समय किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसके घर में आग लगा दी गयी। जिससे घर में रखे 18 हजार रुपये व राशन साम्रगी और कपडे, पलंग आदि जलकर खाक हो गये। प्रार्थी ने कोतवाली पुलिस से कठिन से कठिन कानूनी कार्यवाही करने की माँग की।




## अनिल डेंगरे बने लोकप्रिय समाजसेवी, अचेत पड़ी गाय का कराया उपचार

**मऊरानीपुर (झाँसी)** नगर में समाजसेवी के रुप में हर सम्भव नगर के लोगों की समस्यायें शासन प्रशासन तक पहुँचाने वाले युवा समाजसेवी अनिल डेंगरे, जिला उपाध्यक्ष, उज्जवल भारत अभियान जो नगरवासियों के दिल दिमाग में लोकप्रिय रुप में देखे जा रहे है। जिसमें आपको बता दे कि आप सच्चे गौ सेवक भी है। जहाँ भी गायों की किसी भी प्रकार की सूचना मिलती है तो आप तत्काल मौके पर पहुँचकर गौ माता की देखरेख करने से लेकर डॉक्टरों से उपचार कराने को लेकर तैयार बने रहते है। जिससे आपकी छवि एक महान रुप में देखी जा रही है। कारण कि समाजसेवी बनना तो आसान है लेकिन समाजसेवा करना काफी कठिन कार्य होता है। लेकिन ये एक ऐसे समाजसेवी है जो सच्चे समाजसेवी की भूमिका नगरवासियों के लिये निभा रहे हैं इसी प्रकार समाजसेवी अनिल डेंगरे को सूत्रों से जानकारी मिली की क्षेत्र में एक गाय किसी वाहन के दुर्घटना के रुप में अचेत अवस्था में डली है। तो सूचना पाकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुँचे समाजसेवी अनिल डेंगरे ने अचेत पडी गौ माता को देखा। और तत्काल डॉक्टर को बुलाया और गौ माता का परीक्षण कराकर उपचार कराया गया। साथ ही सर्दी की लहर को देखते हुये आग व बोरों की व्यवस्था की गयी। जिससे गौ माता सुरक्षित रहे। इस मौके पर गुड्डू मिस्त्री आदि लोग मौजूद रहे।



### एंटी रोमियों टीम ने बालिकाओं को किया जागरुक

मऊरानीपुर (झाँसी) एंटी रोमियों टीम फिर सडकों पर बालिकाओं को जागरुक कराती हुयी देखी गयी। जिसमें बालिकाओं को सुरक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण टिप्पस दी गयी। जिसमें एंटी रोमियों टीम प्रभारी उपनिरीक्षक मधु यादव अपनी मय पुलिस टीम के साथ सडकों पर नजर आयी। साथ ही महाविधालयों और कॉलेजों क बाहर छात्राओं को जमकर अपनी सुरक्षा रखने को लेकर जानकारियों से अवगत कराया गया। जिससे किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना न करना पडे। और किसी भी प्रकार से आने जाने में कोई परेशानी का कतई सामना न करना पडे। वही कोविड -19 की सर्तकता के चलते मास्क को लेकर भी जागरुक किया। साथ ही मनचलों की ओर भी अपना अभियान चलाया। जिसमें स्कूली छात्रों को किया सतर्क तो वही घूम रहे मनचले किस्म के लडकों को भी दिया वॉनिग। इसी के चलते एंटी रोमियों टीम को सडकों पर देखकर मनचलों में जोरदार हडकम्प की स्थिति देखी गयी।



## सरकार द्वारा सरपंच के वित्तीय अधिकार के छेड़छाड़ को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन किया गया

**रानी पाली नेनाराम सिरवी।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रदेश के 11000 से ज्यादा सरपंचों को बड़ा झटका दिया। राज्य सरकार ने एक बार फिर से वित्तीय अधिकार छीन लिए। स्टेट फाइनेंस कमिशन का पैसा अब सीधा पंचायतों के खाते में ट्रांसफर नहीं होगा।बल्कि अब वित्त विभाग के पी डी खाते से पंचायतों को पैसा लेना पड़ेगा। राजस्थान सरकार के इस फैसले से राजस्थान प्रदेश के हजारों सरपंच लामबंद हो गए। राजस्थान के पाली जिले के मरुधरा भूमि पर सैकड़ों की संख्या मैं ग्राम पंचायत एवं राजीव गांधी सेवा केंद्र के मुख्यालय पर तालाबंदी की गई।राजस्थान सरकार के प्रति जिले के हर पंचायत समिति स्तर पर सरपंच सरपंच प्रतिनिधि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विरोध प्रदर्शन करके मुख्यालय पर तालाबंदी की विकास कार्यों के लिए आने वाला पैसा अब सीधे पंचायतों के खाते में नहीं जाकर वित्त विभाग के पास आएगा। हर ग्राम पंचायत स्तर पर पी डी खाता खोलने होंगे। इस दौरान राजस्थान के पाली जिले के हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ताले बंदी के साथ सरकार के प्रति भारी नाराजगी जाहिर की गई। सोजत पंचायत समिति के ग्राम पंचायत बिलावास सरपंच डिंपल सीरवी। सुरायता सरपंच प्रेम सीरवी। धिना वास सरपंच। मारवाड़ जंक्शन पंचायत समिति के ग्राम पंचायतकराडी सरपंच भंवरलाल।धामली सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि द्वारा राजीव गांधी सेवा केंद्र के अलावा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर प्रदर्शन करके तालाबंदी की गई। पाली पंचायत समिति के अंतर्गत ग्राम पंचायत रुपावास दयालपुरा हेमावास वडेर वास सोडावास लांबिया खेरवा।बोमाडडा।बाणियावास। भांगेसर। डेंदा। सांपा। डरी।साकडडा।भावरी। पंचायत समिति सरपंच संघ के अध्यक्ष दिलीप सिंह सोनीगरा के आह्वान पर संपूर्ण ग्राम पंचायत मुख्यालय पर तालाबंदी की गई।



## न्यूज. ब्रीफ

### 'आज से ब्रिसबेन का नाम पंत नगर'.. योगी आदित्यनाथ की तस्वीर लगाकर बोले सहवाग- कई साल तक मनाएंगे खुशी

नई दिल्ली। भारतीय टीम ने ब्रिसबेन के गाबा में सीरीज का चौथा टेस्ट मैच 3 विकेट से जीता और 4 मैचों की सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। ऋषभ पंत ने गाबा टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद 89 रन बनाते हुए जीत में अहम भूमिका निभाई। दिग्गज क्रिकेटर वीरेंदर सहवाग ने गाबा में भारतीय टीम की शानदार जीत को मजाकिया अंदाज में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से जोड़ा और ऋषभ पंत के नाम पर ब्रिसबेन का नाम बदलने की बात कही। उन्होंने एक तस्वीर शेयर की जिसमें योगी आदित्यनाथ भी हैं। सहवाग ने मंगलवार रात को एक ट्वीट किया जिसमें उन्होंने एक तस्वीर शेयर की। उस फोटो में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ नजर आ रहे हैं और आगे लिखा है, 'आज से ब्रिसबेन का नाम पंत नगर।' इसके साथ सहवाग ने ऋषभ पंत को टैग करते हुए लिखा, 'क्यों नहीं, पंत। यह सीरीज जीत एक ऐसी जीत है जिसे सदियों में भी लोग नहीं देख पाएंगे। बाकी कुछ से फर्क नहीं पड़ता।'




### सोनिया ने टीम इंडिया को बधाई दी, कठिन समय में खुशी और उम्मीद लेकर आये खिलाड़ी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया को मिली शानदार जीत पर बधाई दी है। सोनिया ने कहा है कि इस कठिन समय में टीम ने इस जीत के साथ देश को खुशी देने के साथ ही उम्मीद भी जगाई है। सोनिया ने भारतीय टीम को लिखे एक पत्र में कहा, प्रिय टीम इंडिया, करोड़ों भारतीय नागरिकों की तरह मैं भी आपकी शानदार, साहसिक और ऐतिहासिक जीत पर बहुत खुश एवं गौरवान्वित हूं। आपका बेहतरीन प्रदर्शन भारत के लिए गौरवशाली पल लेकर आया और भारतीय टीम के खिलाडियों की शानदार प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय पटल पर प्रदर्शित किया। सोनिया के अनुसार, भारतीय टीम में वो अनुशासन, शारीरिक और मानसिक दृढ़ता तथा बेमिसाल टीम भावना भी प्रदर्शित हुई जिन्होंने इस जीत का मार्ग प्रशस्त किया और भविष्य में टीम के लिए बहुत सारी विजय लेकर आएंगी। उन्होंने कहा, आप लोगों ने पृथकवास (क्वारंटाइन) में रहने और फिर नस्लीय अपशब्दों का सामना करने के बाद जिस तरह से लड़ने की भावना दिखाई उससे आपने पूरे देश की सराहना और सम्मान हासिल किया है तथा हम सबके लिए इस मुश्किल समय में खुशी और उम्मीद लेकर आए हैं।



### चेन्नई सुपर किंग्स ने आईपीएल 2021 के लिए सुरेश रैना को किया रिटेन, एमएस धोनी संभालेंगे टीम की कमान

नई दिल्ली। तीन बार की आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स ने बड़ा फैसला लेते हुए टीम के सीनियर और अहम खिलाड़ी सुरेश रैना को इस साल इंडियन प्रीमियर लीग के लिए रिटेन किया है। रैना लीग के 13वें सीजन मे चेन्नई सुपर किंग्स की टीम के साथ यूएई गए थे, लेकिन निजी कारणों के हवाला देते हुए वह बिना कोई मैच खेले भारत वापस लौट आए थे। रैना के इस फैसले के बाद उनके और टीम मैनेजमेंट के बीच कुछ खींचतान की खबरें भी सामने आई थीं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पिछले साल 15 अगस्त 2020 को महेंद्र सिंह धोनी के संन्यास लेने के कुछ समय बाद ही अपने रिटायरमेंट का ऐलान कर सबको चौंका दिया था। सीएसके के एक अधिकारी ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' से बात करते हुए कहा कि, जी हां, हम सुरेश रैना को रिटेन कर रहे हैं और एम एस धोनी ही टीम के कप्तान रहेंगे। टीम ने आज दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह का कांट्रैक्ट नए सीजन के लिए नहीं बढ़ाया, जिसके कारण अब भज्जी अगले सीजन में किसी नए टीम के साथ खेलते हुए दिख सकते हैं।



# तीन दिवसीय राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स 25 से

- खेल मंत्री ने की व्यवस्थाओं की समीक्षा



लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

कोरोना काल की लम्बी अवधि के बाद खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा राजधानी स्थित तात्या टोपे स्टेडियम भोपाल में 18वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। चैम्पियनशिप में देश भर के करीब 700 खिलाड़ी सहभागिता करेंगे। तीन दिवसीय इस आयोजन के सुव्यवस्थित संचालन हेतु खेल और युवा कल्याण मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया की अध्यक्षता में एक बैठक टी.टी. नगर स्टेडियम के मेजर ध्यानचंद हॉल में आयोजित हुई। बैठक में खेल मंत्री ने खिलाड़ियों के लिए की जाने वाली तमाम व्यवस्थाओं की सिलसिलेवार समीक्षा की। बैठक में संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन, संयुक्त संचालक डॉ. विनोद प्रधान, बी.एस. यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में खेल मंत्री मान. यशोधरा राजे सिंधिया ने अधिकारियों से चैम्पियनशिप के लिए की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्टेडियम परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक कार्यवाही करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में खेल संचालक पवन जैन ने बताया कि राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक चैम्पियनशिप के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अलग-अलग समिति गठित कर अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौपा गया है। उन्होंने खेल मंत्री को निमार्णाधीन मंच के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि चैम्पियनशिप के गरिमा पूर्ण आयोजन की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खिलाड़ियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं और सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

#### ट्रायल में भागीदारी

चैम्पियनशिप में भागीदारी के लिए खेल विभाग द्वारा 19 जनवरी को राज्य स्तरीय ट्रायल का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तर पर चयनित 250 खिलाड़ियों ने विभिन्न इवेन्ट में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल में चयनित 40 बालक-बालिका खिलाड़ी मध्य प्रदेश की मेजबानी मे आयोजित तीन दिवसीय 18वीं राष्ट्रीय फेडरेशन कप जूनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के 18 विभिन्न इवेन्ट में भागीदारी करेंगे।

| भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर दर्ज की ऐतिहासिक जीत |

# भारत की असंभव सी जीत पर 'रो' पड़े रवि

- 'मेरी आंखें भर आई क्योंकि यह अवास्तविक था': शास्त्री





हमेशा मजबूत रहते थे शास्त्री : भारत की अंडर 25 टीम के 22 वर्षीय कप्तान के रूप में 1984 में शास्त्री ने टीम मैनेजर को मोहम्मद अजहरूद्दीन को उनके दादा की सेहत नासाज होने के बारे में बताने नहीं दिया था क्योंकि अजहर उस समय भारतीय टीम में जगह बनाने की दहलीज पर थे और शास्त्री नहीं चाहते थे कि मैच छोड़कर वह यह मौका गंवाए।

ब्रिसबेन ■ एजेंसी

भारतीय टीम के हेड रवि शास्त्री को काफी मजूबत कहा जाता है और आम तौर पर वो जज्बाती नहीं होते लेकिन भारत की युवा टीम की ऑस्ट्रेलिया पर शानदार जीत के बाद रवि शास्त्री भी अपने आंसुओं पर काबू नहीं रख सके।

शास्त्री गाबा का किला फतह होने के बाद हाथ में तिरंगा लेकर मैदान का चक्कर लगाते ऋषभ पंत, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को देखकर भावुक हो गए। उन्होंने कहा, 'मेरी आंखें भर आई क्योंकि यह अवास्तविक था इन लड़कों ने जो किया, वह इतिहास में सबसे शानदार जीत में से एक के रूप में दर्ज हो जायेगा। कोरोना काल, खिलाड़ियों की चोटें और 36 रन पर आउट होने के बाद ऐसा प्रदर्शन'। खिलाड़ियों को सारी सुर्खियां मिलने से क्या उन्हें लगता है कि श्रेय नहीं मिला, यह पूछने पर उन्होंने कहा, 'कोच का काम होता है लड़कों को मानसिक रूप से तैयार करना। उनका जो माइंडसेट है उसको क्लीयर करने के लिए। ज्यादा पेचीदा करने की जरूरत नहीं और खेल सरल रखा तो काफी काम होता है'। उन्होंने कहा, 'और कोच का क्या। वो तो ड्रेसिंग रूम में बैठा रहता है। लड़के बाहर जाकर लड़ते हैं।

## आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 13 वें स्थान पर पहुंचे ऋषभ पंत

- शुभमन की लंबी छलांग
- विराट से आगे लाबुशेन
- गेंदबाजी में शीर्ष पर कमिंस



दुबई ■ एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया दौरे में शानदार बल्लेबाजी के कारण आईसीसी की ताज टेस्ट रैंकिंग में भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने लंबी छलांग लगायी है। ऋषभ आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ब्रिसबेन टेस्ट में नाबाद 89 रन बनाकर भारतीय टीम को जीत दिलाने वाले ऋषभ को 13 स्थानों का लाभ हुआ है। वह विकेटकीपर बल्लेबाजों में भी शीर्ष पर बने हुए हैं। उनके बाद दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपरी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक हैं। ब्रिसबेन टेस्ट में ही भारत की दूसरी पारी में 91 रन बनाने वाले युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को भी रैंकिंग में 21 स्थानों का फायदा हुआ है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन टेस्ट मैच में करीब 52 की औसत के 259 रन बनाने वाले शुभमन अब 47वें नंबर पर आ गए हैं।

वहीं गाबा के मैदान में शतक लगाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गये हैं। पहले नंबर पर न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन काबिज हैं जबकि दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ हैं। बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष दस खिलाड़ियों में विराट कोहली चौथे, चेतेश्वर पुजारा सातवें और अजिंक्य रहाणे नौवें पायदान पर है।

वहीं ब्रिसबेन टेस्ट की दूसरी पारी में शानदार 56 रनों की पारी खेलने वाले पुजारा को रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ है पर अजिंक्य रहाणे को नुकसान उठाना पड़ा है। ब्रिसबेन टेस्ट में भारतीय गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन और जसप्रीत बुमराह के नहीं खेलने के बाद भी उन्हें गेंदबाजी रैंकिंग में फायदा हुआ है। दोनों गेंदबाज क्रमशः गेंदबाजों की सूची में 8वें और 9वें स्थान पर हैं।

# राजस्थान रॉयल्स ने स्मिथ को छोड़ा



नई दिल्ली ■ एजेंसी

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को लेकर बड़ी खबर आ रही है। वह इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स का 2021 सत्र में हिस्सा नहीं रहेंगे। टीम मैनेजमेंट ने उन्हें रिलीज करने का फैसला किया है। इससे पहले हरभजन सिंह ने चेन्नै सुपर किंग्स के लिए नहीं खेलने की बात कही थी। उन्होंने ट्विटर पर इसका ऐलान किया था। राजस्थान रॉयल्स ने इसकी पुष्टि की है। उसके सूत्र ने बताया, 'हां, स्मिथ को रिलीज कर दिया गया है। इस बारे में हमने गहन चर्चा की और आज ही इस पर फैसला लिया गया है।' हाल ही में पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा था कि राजस्थान रॉयल्स को आईपीएल के 14वें सीजन के लिए नया कप्तान चाहिए। उसे नए मार्गदशन की जरूरत है। चोपड़ा ने कहा था कि पेपर पर तो राजस्थान की टीम दमदार दिखती है, लेकिन मैदान पर ऐसा नहीं होता। पिछले सत्र में राहुल तेवतिया और रियान पराग अच्छा किया था, लेकिन टीम नीचले पायदान पर ही रही थी। मुझे लगता है टीम को नए लीडर की जरूरत है। करियर पर निगाह डालें तो स्मिथ ने पिछले सत्र में 14 मैच खेलते हुए 3 अर्धशतकों की मदद से 311 रन बनाए थे, जबकि 2019 में 12 मैच में 319 रन। इससे पहले वाले एक सत्र में सेंडपेपर कांड की वजह से नहीं खेल पाए थे। देखा जाए तो उनका प्रदर्शन पिछले दोनों ही सत्र में बहुत प्रभावी नहीं रहा और उनकी कप्तानी में टीम भी प्रभावित नहीं कर पाई थी। उल्लेखनीय है कि आईपीएल 2018 से पहले रॉयल्स ने सिर्फ स्मिथ को टीम में बरकरार रखा था और 12.5 करोड़ रुपये का करार किया था। उन्हें कप्तान भी बनाया गया था, लेकिन दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़खानी विवाद के बाद उन्हें पद छोड़ना पड़ा था। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया में हाल ही में हुई श्रृंखला में स्मिथ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके।

### आरसीबी ने कोहली, सिराज सहित 12 स्टार खिलाड़ियों को किया रिटेन

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने आईपीएल 2021 से लिए अपनी पिछले स्क्वॉड से 12 स्टार खिलाड़ियों को रिटेन किया है। आरसीबी ने ट्वीट करके इसकी जानकारी दी।आईपीएल के 14वें सीजन के लिए ऑक्शन अगले महीने होने वाले हैं और बुधवार को सभी फ्रेंचाइजियां अपने रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी कर रही हैं। इस क्रम में आरसीबी ने सबसे पहले अपने स्टार रिटेन किए गए खिलाड़ियों की लिस्ट जारी की। रिटेन खिलाड़ियों में विराट कोहली, एबी डिविलियर्स, युजवेंद्र चहल, देवदत्त पडिक्कल, वाशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, नवदीप सैनी, एडम जम्पा, शहबाज अहमद, जोश फिलिप, केन रिचड्र्सन और पवन देशपांडे शामिल हैं।

## बिगबास्केट में हिस्सेदारी बढ़ाने की तैयारी में टाटा ग्रुप

नई दिल्ली ■ एजेंसी

टाटा ग्रुप ग्रोसरी कंपनी बिगबास्केट में हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए 200-250 मिलियन डॉलर (करीब 1800 करोड़ रुपये) का निवेश करने की तैयारी में है। निवेश के लिए महीनों से बातचीत चल रही है, जो अब जाकर आखिरी स्टेज पर है। निवेश के बाद टाटा ग्रुप की बिगबास्केट में हिस्सेदारी बढ़कर 60 प्रतिशत हो जाएगी। इसके बाद चीनी कंपनी अलीबाबा होल्डिंग्स और प्राइवेट इक्विटी फर्म अब्राज ग्रुप की हिस्सेदारी बिगबास्केट में समाप्त हो जाएगी। अभी बिगबास्केट में अलीबाबा की हिस्सेदारी 27.58 प्रतिशत और अब्राज ग्रुप की 18.05 प्रतिशत है। बिग बास्केट में हिस्सेदारी खरीदने के लिए टाटा समूह प्राइमरी और सेकेंडरी शेयरों की खरीद में लगभग 1.3 बिलियन डॉलर यानी 9.57 हजार करोड़ रुपये चुकाएगा। खबरों के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में टाटा ग्रुप का बिग बास्केट का यह सौदा जल्द ही पूरा हो सकता है। यह सौदा ऑनलाइन बिजनेस स्पेस में अब तक का सबसे बड़ा सौदा हो सकता है। टाटा ग्रुप और बिगबास्केट डील में कंपनी को पब्लिक करना भी शामिल हैं। यानी बिगबास्केट 2022-23 तक आईपीओ लांच कर सकती है। हाल ही कंपनी के सीईओ हरि मेनन ने भी आईपीओ के बारे में कहा था। बिगबास्केट के संस्थापकों में हरि मेनन के साथ-साथ विपुल पारेख, अभिनय चौधरी, रमेश वीएस और वीएस सुधाकर शामिल हैं।

शेयर बाजार रिकार्ड तेजी के साथ बंद

# सेंसेक्स 49,792 , निफ्टी 14,644 अंक तक पहुंचा



मुंबई ■ एजेंसी

मुम्बई शेयर बाजार बुधवार को रिकार्ड तेजी के साथ बंद हुआ। बाजार में यह उछाल दुनिया भर से मिले सकरात्मक संकेतों के साथ ही अमेरिका में नई सरकार से राहत उपायों की घोषणाओं की उम्मीदें हैं। इसके साथ ही सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ऊर्जा और वाहन कंपनियों के शेयरों में खरीददारी से भी घरेलू शेयर बाजार उछला है। दिन भर के कारोबार के बाद बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 393.83 अंक करीब 0.80 फीसदी की बढ़त के साथ ही 49,792.12 अंक के नये उच्च स्तर पर पहुंच गया। वहीं इसी प्रमुख एनएसई का निफ्टी 123.55 अंक तकरीबन 0.85 फीसदी उछलकर 14,644.70 अंक के नये उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति सुजुकी सबसे ज्यादा 2.75 फीसदी की तेजी में रही। इसके बाद टेक महिंद्रा (2.67 प्रतिशत), महिंद्रा एंड महिंद्रा (1.98 प्रतिशत) और एशियन पेंट्स (1.98 प्रतिशत) का स्थान रहा। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, एचडीएफसी और आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में भी तेजी रही। इससे बाजार लगातार दूसरे दिन मजबूत हुआ। इनके विपरीत पावरग्रिड कॉरपोरेशन में 1.75 फीसदी और एनटीपीसी में 1.35 फीसदी की गिरावट रही। सेंसेक्स में टाटा मोटर्स को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। कंपनी के शेयर में 6.28 फीसदी का उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा अडानी पोर्ट्स , विप्रो , मारुति सुजुकी और टेक महिंद्रा के शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। इन सभी कंपनियों के शेयर्स में 2 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया। वहीं, पावी ग्रिड कॉर्प 1.75 फीसदी की गिरावट के साथ सेंसेक्स में सबसे ज्यादा नुकसान में रही। इसके अलावा श्री सीमेंट्स, एनटीपीसी , गेल और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के शेयर भी नीचे आये। इससे पहले अमेरिका में वित्त मंत्री के लिए नामांकित जेनेट येलेन ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिये भारी प्रोत्साहन का आह्वान किया था उसके बाद से ही बाजार में उत्साह का माहौल है।

### सोने और चांदी में तेजी

नई दिल्ली। घरेलू बाजारों में बुधवार को सोने और चांदी मे तेजी आई है। दिल्ली सरार्फा बाजार में सोने के भाव में 347 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई। वहीं चांदी के दाम में भी उछाल आया है। चांदी में 606 रुपये प्रति किग्रा की तेजी आई है। वहीं पिछले कारोबारी सत्र के दौरान दिल्ली सरार्फा बाजार में सोना 48,411 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था जबकि चांदी 65,208 रुपये प्रति किग्रा पर थी। दिल्ली सरार्फा बाजार में सोने का भाव 347 रुपये प्रति 10 ग्राम बढ़ गया। दिल्ली में 99.9 ग्राम शुद्धता वाले सोने का नया भाव अब 48,758 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं इससे पहले कारोबारी सत्र में सोने का भाव 48,411 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी बुधवार को अच्छा उछाल दर्ज किया गया। दिल्ली सरार्फा बाजार में आज चांदी की कीमतों में 606 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी आई।

### 12 पैसों की मजबूती के साथ रुपया 73.05 पर बंद

मुंबई। करोबारी सप्ताह के तीसरे दिन भी रुपए में मजबूती देखने को मिली। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया बुधवार को 12 पैसे की मजबूती के साथ 73.05 पर बंद हुआ। मुद्रा बाजार में बुधवार को शुरूआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले रुपया 73.11 पर खुला तथा कारोबार के अंत में कल के मुकाबले 12 पैसे की मजबूती के साथ 73.05 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। वही पिछले दिन यानी मंगलवार को रुपया 11 पैसों की मजबूती के साथ 73.17 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

पदक अर्जित — 16 वर्ष के खिलाड़ी ने सीनियर घुड़सवारों को पीछे छोड़ अश्व चांदनी की सहायता से हासिल किया पदक

# मप्र राज्य घुड़सवारी अकादमी के घुड़सवार राजू ने नेशनल क्रास कंट्री में जीता कांस्य पदक

लोकदेश संवाददाता ■ भोपाल

मप्र राज्य घुड़सवारी के खिलाड़ी राजू सिंह भदौरिया ने मेरठ में 14 से 21 जनवरी, 2021 तक आयोजित कॉनकॉर्न नेशनल क्रास कन्ट्री वन स्टॉर (तीन किलोमीटर) में व्यक्तिगत कांस्य पदक अर्जित किया। क्रॉस कंट्री का आयोजन उत्तर प्रदेश के मेरठ केन्ट में किया गया। इसमें अकादमी के घुड़सवार राजू सिंह और फराज खान ने अपने कोच कैप्टन भागीरथ के मार्गदर्शन में भाग लिया। घुड़सवारी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ ने बताया कि सोलह वर्ष की उम्र के खिलाड़ी राजू सिंह भदौरिया ने यह पदक सीनियर घुड़सवारों को पीछे छोड़ते हुए अपने अश्व चांदनी पर प्रदर्शन करते हुए 44 पाइंट स्कोर के साथ जीता।




#### थारो एवं वार्म ब्लड के अश्वों पर ट्रेनिंग

संचालक खेल और युवा कल्याण पवन जैन ने वन स्टॉर नेशनल क्रास कन्ट्री में राजू सिंह के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश राज्य घुड़सवारी अकादमी देश की पहली एसी घुड़सवारी अकादमी है जिसका राज्य सरकार द्वारा संचालन किया जा रहा है। एक्सीलेन्स अकादमी के माध्यम से खिलाड़ियों को थारो ब्रीड एवं वार्म ब्लड के उन्नत नस्ल के अश्वों पर तकनीकी टेजनिंग के साथ ही उच्च स्तरीय खेल सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। इसी का नतीजा है कि विगत चार वर्षो में देश में सबसे ज्यादा मैडलिस्ट खिलाड़ी मध्य प्रदेश घुड़सवारी अकादमी के हैं।

#### जारी है पदक जीतने का क्रम : यशोधरा राजे

खेल और युवा कल्याण मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया ने राजू सिंह भदौरिया के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के बाद आयोजित घुड़सवारी स्पधार्ओं में अकादमी के खिलाड़ी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर लगातार पदक जीत रहे हैं और प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने घुड़सवारी अकादमी के मुख्य प्रशिक्षक कैप्टन भागीरथ को भी बधाई दी।

## अमेजन की रिपब्लिक डे सेल शुरू, 23 जनवरी तक चलेगी, ऐसे लें अच्छे डिस्काउंट का फायदा

- फ्लिपकार्ट बिग सेविंग डे
- इलेक्ट्रॉनिक्स-स्मार्टफोन पर भारी छूट




नई दिल्ली ■ एजेंसी

अमेजन की रिपब्लिक डे सेल की शुरूआत आज से हो गई है। कंपनी की यह सेल 20 जनवरी से 23 जनवरी 2021 तक रहेगी। जहां कस्टमरों अच्छे डिस्कांउट का फायदा उठा सकते हैं। अमेजन सेल में स्मार्टफोन पर अच्छी ऑफर्स मिल रहे हैं। फोन में 40% तक डिस्काउंट मिल रहा है। साथ ही एसबीआई क्रेडिड कार्ड, बजाज ईमआई कार्ड, अमेजन पे आईसीआईसीआई क्रेडिट कार्ड, अमेजन पे लेटर और डेबिट और क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर 10 फीसदी अतिरिक्त डिस्काउंड मिल रहा है। शियोमी के नए फोन टू 10 को भी सेल में कम दाम में खरीदा जा सकता है। अमेजन की ग्रेट रिपब्लिक सेल 23 जनवरी को समाप्त हो जाएगी, जबकि फ्लिपकार्ट की बिग सेविंग डे की बिक्री एक दिन आगे चलेगी। ग्राहक दो ई-कॉमर्स दिग्गजों द्वारा पेश किए जा रहे बैंक ऑफर, छूट और अन्य नो-कॉस्ट एटक सौदों का लाभ उठाकर अपनी बचत को अधिकतम कर सकते हैं। प्रस्ताव केवल चुनिंदा उत्पादों और विक्रेताओं पर उपलब्ध है। अमेजन सेल में सेमसंग ग्रेलेक्सी पर भी अच्छा ऑफर मिल रहे। 24,999 रुपए के इस स्मार्टफोन को कस्टमर 20,999 रुपए में खरीद सकते हैं। लावा के स्मार्टफोन 6,999 रुपए से शुरू होते हैं। ई-कॉमर्स पोर्टल अमेजन और फ्लिपकार्ट ने बुधवार को अपने गणतंत्र दिवस की सेल को शुरू कर दिया। इसके साथ ही स्मार्टफोन, उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुएं, और अधिक सहित उत्पादों की एक पूरी श्रृंखला पर भारी छूट की पेशकश की।

## एक नजर...

### संभाग आयुक्त श्री सक्सेना आज गूगल मीट के जरिए योजनाओं की समीक्षा करेंगे

**ग्वालियर।** संभाग आयुक्त श्री आशीष सक्सेना 22 जनवरी को गूगल मीट के जरिए योजनाओं की समीक्षा करेंगे। श्री सक्सेना प्रातः 11 बजे ग्वालियर संभाग के दतिया और चंबल संभाग के भिण्ड, मुरैना व श्योपुर जिले के अधिकारियों से गूगल मीट के




जरिए चर्चा करेंगे। साथ ही योजनाओं की समीक्षा भी की जायेगी। संभाग आयुक्त द्वारा इसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे ग्वालियर सहित शिवपुरी, गुना एवं अशोकनगर जिले की समीक्षा गूगल मीट के जरिए की जायेगी।

### 114 साल से ग्वालियर की पहचान है व्यापार मेलाः 108 एकड़ जमीन पर 50 दिन तक लगेगा मेला, वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स में छूट है सबसे बड़ा आकर्षण

**ग्वालियर।** देश के साथ विदेश में भी चर्चित ग्वालियर का श्रीमंत माधवराव सिंधिया व्यापार मेला वर्ष 2021 में भी लगने जा रहा है। जैसा अभी तक विचार है इस बार भी यह मेला 108 एकड़ जमीन पर 50 दिन तक चलेगा। जैसा अभी माना जा रहा है 30 जनवरी को सीएम इसका शुभारंभ करने जा रहे हैं। व्यापारियों को सिर्फ लिखित कार्यक्रम आने का इंतजार है। ग्वालियर व्यापार मेले का सबसे बड़ा आकर्षण यहां के ऑटो मोबाइल व इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर होते हैं। वाहनों की खरीद पर रोड टैक्स में 50 फीसदी तक की छूट के अलावा कंपनियां भी अलग-अलग तरह के ऑफर देती हैं। इससे एक वाहन पर 4 से 5 हजार रुपए की बचत हो जाती है।

**सिंधिया ने लड़कर दिलाई थी छूट**–मेले का आकर्षण ऑटो



मोबाइल कारोबार इसी पर निर्भर करता है कि प्रदेश सरकार कितनी छूट रोड टैक्स पर देती है। इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बीते वर्ष 2019-2020 के व्यापार मेला में सबसे ज्यादा माथा पच्ची रोड टैक्स में छूट पर हुई थी। तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और कांग्रेस नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया के कई बार पत्र लिखने के बाद तत्कालीन सीएम कमलनाथ ने छूट दी थी। इस बार मेला अभी लगा भी नहीं है फिर भी सीएम ने वाहन खरीद पर 50 फीसदी रोड टैक्स की छूट की ओर इशारा कर दिया है। ऐसे समझे यदि एक लाख की गाड़ी खरीदते हैं तो 7 फीसदी रोड टैक्स देना होता है जो 7 हजार रुपए होगा, लेकिन 50 फीसदी की छूट मिलने पर 3500 रुपए का फायदा वाहन खरीदने वाले को होगा।

### भाजयुमो नेता सन्धु ने प्रकाश पर्व पर कुष्ठ आश्रम में फल बांटे

**ग्वालियर।** गुरु गोविंद सिंह के 354वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर भारतीय युवा मोर्चा के नेता सनी सन्धु द्वारा आयोजन किया गया। जिसमें पुष्पांजलि कर फलों का वितरण मानव कुष्ठ आश्रम में कराया गया। कार्यक्रम में रमन सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह सिखों के दसवें गुरु थे जिन्होंने मानवता को शांति, प्रेम, करुणा, एकता और समानता की सीख दी। गुरु गोविंद सिंह ने ही खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विवेक चैहान, मंडल अध्यक्ष प्रयाग सिंह तोमर, मंडल महामंत्री श्याम गौड, सतीश खटीक सहित मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# शिविर में सौ मरीजों का नेत्र परीक्षण कराया गया

## कालरा नेत्र चिकित्सालय में हुए ऑपरेशन

**ग्वालियर।** पीड़ित मानवता की सेवा ही सच्ची सेवा है और नेत्रदान से बड़ा कोई दान नहीं होता हैं। नेत्र षिविर में आये मरीजों को रोषनी मिले इस दिषा में किया गया प्रयास सराहनीय हैं। यह उद्गार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार ने प्रजापति धर्मषाला कुम्हरपुरा, थाटीपुर, मुरार में आयोजित निःषुल्क नेत्र षिविर में व्यक्त किये। नेत्र षिविर में लगभग 100 मरीजों का नेत्र परीक्षण कराया गया और जिन्हें ऑपरेषन के लिए चिन्हित किया गया, उन सभी को कालरा नेत्र चिकित्सालय, सिटी सेन्टर में भेजा गया। नेत्र षिविर में डॉ. रोहित कालरा और उनकी टीम द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती गायत्री सुधीर मण्डेलिया, महिला कांग्रेस कार्यवाहक अध्यक्ष वीणा भारद्वाज, श्रीमती सीमा समाधिया, श्रीमती अर्चना चतुर्वेदी, श्रीमती संतोश जाधव, पंचम सिंह भदौरिया, राजेष तोमर, संतोश वर्मा, राजू बाथम, मनोज वर्मा, हरेन्द्र यादव, धीरेन्द्र नगर प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



## क्षेत्र का विकास व प्रगति मेरा लक्ष्यः डॉ. सिकरवार

### सूबेदार जाटव को दी बीस हजार की आर्थिक सहायता



**ग्वालियर।** ग्वालियर पूर्व से कांग्रेस विधायक डॉ. सतीष सिंह सिकरवार का आज षीतला गार्डन में गजराज जाटव द्वारा नववर्श मिलन समारोह के मौके पर आत्मीय स्वागत किया गया। डॉ. सिकरवार इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे, जबकि विषिश्ट अतिथि के रूप में श्रीमती गायत्री मण्डेलिया, राकेष जखोदिया, योगेन्द्र सिंह राजावत् नौनेरा, श्रीमती षारदा लाखन सिंह एवं श्रीमती संजू जाटव प्रमुख रूप से उपस्थित थे। नववर्श मिलन समारोह में डॉ. सिकरवार ने मौजूद जनसमुदाय को षुभकामनायें देते हुए कहा कि नये संकल्प के साथ क्षेत्र के विकास और प्रगति के लिए आगे कार्य करना हैं। उन्होनें कहा कि क्षेत्र का विकास ही मेरा लक्ष्य हैं और इस लक्ष्य को पूरा करने में आप सब का सहयोग आवष्यक हैं। विधायक डॉ. सिकरवार ने सूबेदार जाटव को 20,000/-रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। यहां बतादें कि सूबेदार जाटव की भैंसे मरने के कारण आर्थिक स्थिति बिगड़ चुकी हैं। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत आयोजकों द्वारा किया गया।

# भागवती के खुल गए भाग्य

**ग्वालियर।** भागवती ने आत्मनिर्भर बनकर महिला सशक्तिकरण की मिशाल पेश की है। विपरीत परिस्थितियों के बाबजूद वे न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं बल्कि उन्होंने अपने बेटे को भी स्वावलम्बी बनाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन और मुख्यमंत्री पथ विक्रेता योजना ने माँ-बेटे को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग दिया है। ग्वालियर जिले के भितरवार विकासखण्ड के ग्राम चीनौर निवासी श्रीमती भागवती के पति श्री बैजनाथ बघेल बीमारी की वजह से दोनों पैरों से दिव्यांग हो गए। बेटा नरेश को भी काम-धंधा नहीं मिला था। जाहिर है वह भी बेरोजगार था। इसी बीच कोरोना महामारी की वजह से लॉकडाउन लागू हो गया। ऐसे विपरीत हालात में भागवती को कहीं से कोई सहारा नहीं दिख रहा था। परिवार चलाने की पूरी जिम्मेदारी भागवती के सिर पर थी। भागवती ने हिम्मत नहीं हारी। वे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बने संतोषी स्व-सहायता समूह की सदस्य थीं।



भागवती ने इस समूह से 50 हजार रूपए की मदद ली और गाँव में ही साड़ियों की छोटी सी दुकान खोल ली। दुकान चली तो आगे बढ़ने की राह भी आसान हो गई। स्व-सहायता समूह की बैठक में भागवती को पता चला कि मध्यप्रदेश सरकार ने ग्रामीण पथ विक्रेताओं की मदद के लिये योजना शुरू की है। उन्होंने इस योजना से मदद के लिये अपने बेटे नरेश का फार्म भरवा दिया। थोड़े ही दिनों बाद बैंक से 10 हजार रूपए की आर्थिक मदद मिल गई। नरेश ने इस राशि से नाश्ता का ठेला लगाना शुरू कर दिया। इस ठेले पर वे अब चाऊमीन, मोमोज व पेटीज आदि बेचकर अच्छा-खासा कमा लेते हैं। माँ - बेटे मिलकर हर माह लगभग 16 हजार रूपए कमा लेते हैं, जिससे उनके घर का गुजारा अब आसानी से हो जाता है। आकर्षक रंगों की साड़ियाँ बेचकर भागवती अपने जीवन में खुशियों के नये - नये रंग भर रही हैं। वहीं चाट के ठेले से लजीज व्यंजनों की खुशबू बही तो नरेश का जीवन भी खुशियों से महकने लगा है। माँ-बेटे अपनी खुशियों की दास्तां सुनाते-सुनाते भावुक हो जाते हैं। भागवती कहती हैं कि सरकार की योजनाओं से मेरे और बेटे नरेश के भाग्य खुल गए हैं।

### मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी के लिए

## 5 फरवरी तक कलाकृतियाँ मान्य होंगीं

**ग्वालियर।** उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार प्रदर्शनी-2021 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के 10 पुरस्कारों के लिये कलाकृतियाँ आमंत्रित की जा रहीं हैं। प्रत्येक पुरस्कार की राशि 51 हजार रूपये होगी। कलाकृतियों के साथ प्रदर्शनी में प्रवेश शुल्क 200 रूपये नगद जमा कराने होंगे। प्रदर्शनी में 3 कलाकृतियाँ मान्य की जायेंगी तथा 25 से 55 वर्ष तक की आयु के कलाकार भाग ले सकेंगे। जनवरी 2019 के बाद सृजित कलाकारों की मौलिक कृतियाँ ही मान्य की जायेंगी। कला प्रदर्शनी की विवरणिका कला वीथिका-ग्वालियर, राजा मान सिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय-ग्वालियर, शासकीय ललित कला महाविद्यालय जबलपुर, धार, खण्डवा, इंदौर, ग्वालियर, कालिदास अकादमी उज्जैन तथा अकादमी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कलाकृतियाँ उस्ताद अलाउद्दीन खाँ संगीत एवं कला अकादमी रवीन्द्र नाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा चौराहा भोपाल एवं ललित कला अकादमी जबलपुर, ग्वालियर, इंदौर में 5 फरवरी 2021 शाम 5 बजे तक जमा होंगी। इसके बाद प्राप्त होने वाली कलाकृतियाँ स्वीकार नहीं की जायेंगी। अकादमी की वेबसाइट पर एवं अन्य माध्यम से डाउनलोड आवेदन विवरणिका की फोटो प्रतियाँ (ए-4 साइज) भी प्रवेश-पत्र के रूप में स्वीकार की जावेगी।

### कोविड-19 की उपचार दर रिशेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करें, क्लीनिक और नर्सिग होम को निर्देश

**ग्वालियर।** स्वास्थ्य आयुक्त ने प्रदेश के सभी क्लीनिक और नर्सिंग होम को कोविड-19 के उपचार की निर्धारित की गई दरों को रिसेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए है। मरीजो और परिजनो द्वारा दरों की मांग करने पर उन्हें भी उपचार की दरें उपलब्ध कराई जाए। संचालक स्वास्थ्य, सूचना शिक्षा संचार ब्यूरों श्री वसंत कुर्रे ने बताया कि यह आदेश पूर्व में जारी किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा नवम्बर 2020 में कोविड-19 की निर्धारित उपचार दरों को क्लीनिक और नर्सिंग होम में रिसेप्शन काउन्टर पर प्रदर्शित करने के संबंध में पारित आदेश के अनुक्रम में निर्देश जारी किए गये है। संचालक श्री कुर्रे ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी आदेश क्लीनिक्स इस्टाविलिशमेंट और नर्सिंग होम संबंधी (उपचर्यागृहो एवं रूजोपचार संबंधी) रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन नियम-1997 की अनुसूची-2 के खण्ड(5) और 5(1)के प्रावधानों के तहत पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस मामले में यह भी स्पष्ट किया गया है कि क्लीनिक एवं नर्सिंग होम जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को कोविड-19 की निर्धारित दरों की भेजी गई सूची में दर्शायी दरों से 40 प्रतिशत से अधिक प्राप्त नहीं कर सकेगें। उपचार की निर्धारित दरों से 40 प्रतिशत से अधिक राशि लिए जाने की जानकारी प्राप्त होती है तो इसे जिला प्रशासन और उच्च न्यायालय को आवश्यक कार्यवाही के लिए भी भेजा जाएगा।

### विशेष शिविर आयोजित कर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को सौंपे पेंशन प्राधिकार पत्र

**ग्वालियर।** जिले में शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों एवं कर्मचारियों के पेंशन प्रकरणों का निराकरण अभियान बतौर किया जा रहा है। इस कड़ी में कलेक्ट्रेट में विशेष शिविर आयोजित कर सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ (पेंशन प्राधिकार पत्र) सौंपे गए। अपर कलेक्टर श्री टी एन सिंह ने सेवानिवृत्त शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदान किए।

GPS BASED VEHICLE TRACKING SYSTEM & MANAGEMENT FROM W2TRACK SOLUTIONS
Please call us for demo/order: +91 9827270016/7738373527/7738373526
जीपीएस आधारित वाहन ट्रैकिंग और वाहन प्रबंधन प्रणाली - अपने परिवहन प्रणाली को अधिक उत्पादक, सुरक्षित और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाएं।
W2TRACK
✓GPS based Track, Monitor & Analyze your vehicles in real-time
✓Digital records of all your fleet operations at Central place
✓Optimise your Routes, Scheduling and Dispatch
✓Improve Driver Behaviour, remotely immobilize vehicle etc.
✓Improve productivity, efficiency & safety
✓Manage fleet expenses & reduce operational cost (ROI)
✓Power Your Fleets with Latest AIS 140 GPS Devices
Website & Mobile based Application/Software
₹2999
Basic GPS Based Fleet Monitoring System with Advanced Reporting
RTO Approved INTEGRATED AIS 140 GPS Device (ARAI/ICAT Approved)
PUBLIC TRANSPORT VEHICLES
-SCHOOL BUSES
-TAXI/CABS
-TRANSIT BUSES
-INTERCITY BUSES
COMMERCIAL VEHICLES
SABA TECHNOSOFT
Deliver The Best, Performance Assured
₹5999
GSTIN: 27ACUFS2949C1ZO www.w2track.com (Locations PAN India GPS Service)

### पीएससी मुख्य परीक्षा की तैयारी कराने के लिये 25 जनवरी से निःशुल्क प्रशिक्षण सत्र

**ग्वालियर।** शारदा विहार सिटी सेंटर स्थित संभागीय अनुसूचित जाति परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में 25 जनवरी से मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा की तैयारी कराने के लिये निश्शुल्क प्रशिक्षण सत्र शुरू होगा। इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश के मूलनिवासी अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इन वर्गों के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और मुख्य परीक्षा में भाग लेने जा रहे हैं, वे इस प्रशिक्षण का लाभ उठा सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को शिष्यवृत्ति की पात्रता भी रहेगी। प्रशिक्षण केन्द्र में निश्शुल्क पुस्तकालय सुविधा भी उपलब्ध है। प्रशिक्षण में भाग लेने के इच्छुक अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आवेदक मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग-2019 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम, स्नातक अंकसूची व जाति प्रमाण-पत्र प्रस्तुत कर इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिये परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में संपर्क किया जा सकता है।

प्रो.- विपिन सिंह तोमर
(संचालक सौम्या प्रापर्टी डीलर)
मो.-9301759475
9713253992
मेल- vipintomar172@gmail.com
सौम्या प्रोपर्टी डीलर
आवासीय भूमि (प्लॉट, फ्लैट, मकान, बंगला, खरीदने, बेचने व किराये) पर लेने देने के लिये सम्पर्क करें
ग्वालियर शहर में प्रोपर्टी खरीदने व बेंचने के लिये सम्पर्क करें
पता- दुकान न. 3/4 तोमर मार्केट, गायत्री मंदिर वाली गली, पिंटो पार्क, ग्वा.

P TV NEWS INDIA प्रतिभा हम निखारेंगे
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
अगर आपके अंदर है कोई जज्बा तो उभर कर आइये आगे आपकी लिखी हुई कहानी, लेख, कविताओं को हम देंगे जगह आपके अंदर की प्रतिभा को हम उभारेंगे।
आप तो देर किस बात की हमे भेजें अपनी कविता, लेख, कहानियां फिर देश की आर्थिक स्थति या फिर स्वच्छता के ऊपर अपने विचार
हमें व्हाट्सप या मेल भी कर सकते हैं
हमारा उद्देश्य भारत में छिपी प्रतिभाओं को बाहर निकालना।
PUSHPANJALI TODAY न्यूज़ नई सोच नई पहल
Whatsapp :- 9425665944,7999246560, 9691270207
gmail - pushpanjalitoday@gmail.com
नोट - व्हाट्सएप या मेल करते समय ध्यान रखे भेजने वाला व्यक्ति अपनी फोटो ओर नाम/ पता / अवश्य भेंजे

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478